# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025





परिवहन विभाग मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से चला रहा बसें

# बस्तर की 8 सड़कों पर पहली बार चल रही यात्री बसें, ग्रामीणों को मिली राहत

**मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना से दूरस्थ क्षेत्रों में लोगों को आसान, सुरक्षित और किफायती परिवहन सुविधा मिल रही। परिवहन विभाग की ओर से बस्तर संभाग के 6 जिलों के अंदरूनी क्षेत्र पर 8 सड़कों में पहली बार यात्री बसें चल रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

इसमें बस्तर जिले के दरभा से ककालगुर, भडरीमहू, कोलेंग, नेतानार, बोदेल, बड़े मुरमा, कारवाड़ा, बिरनपाल, केशपुर, लेंड्रा चौक, नेगानार, कमानार तक, दंतेवाड़ा जिले के कटेकल्याण से तुमकापाल, गडसे, तेलम, टेटम, जिहाकोड़ता, ऐटेपाल, बड़ेगुडरा, मोखपाल, मैलावाड़ा, कुलनार तक, सुकमा जिले में कोंटा से मुरलीगुड़ा, बंडा, दुबामरका, नुल्कातोंग, पिलवाया, पुसगुड़ा, मेहता, कगालतोंग, गोलापल्ली तक सहित बीजापुर, नारायणपुर एवं कोंडागांव जिले के अंदरूनी क्षेत्र में पहली बार चल रही है। बसों से ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए निकटतम ग्राम, जनपद मुख्यालय, नगरीय क्षेत्र, तहसील मुख्यालय, जिला मुख्यालय में समय अनुरूप, नियमित एवं सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध हो रही है।





### यात्री बसों का दिया परमिट

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि शासन के निर्देश पर अंदरूनी क्षेत्र में जहां बस नहीं जाती थी वहां ग्रामीणों की सुविधा के लिए यात्री बस शुरू की गई है। इसके लिए यात्री बसों का परमिट दिया गया।

## खबर संक्षेप

### रजिस्ट्रार जनरल बनाए गए रजनीश

**बिलासपुर।** रजनीश श्रीवास्तव हाईकोर्ट में नए रजिस्ट्रार जनरल नियुक्त किए गए हैं। श्री श्रीवास्तव राज्य शासन में विधि एवं विधायी कार्य विभाग में प्रमुख सचिव के पद पर कार्यरत थे। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने उच्च न्यायिक सेवा के दो अन्य अफसरों का भी तबादला आदेश जारी किया है।



हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा के आदेश पर रजिस्ट्रार जनरल मनीष कुमार ठाकुर ने बुधवार को उच्च न्यायिक सेवा के अफसरों का तबादला आदेश जारी किया है। इसके मुताबिक उच्च न्यायिक सेवा के वरिष्ठ सदस्य और राज्य शासन के विधि विधायी विभाग के प्रमुख सचिव रजनीश श्रीवास्तव अब हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल नियुक्त किए गए हैं। इसी तरह उच्च न्यायिक सेवा के दो सीनियर अधिकारियों के पदों में भी परिवर्तन किया गया है।मनीष कुमार ठाकुर जो जब तक हाईकोर्ट स्थापना में रजिस्ट्रार जनरल के रूप में कार्यरत थे उन्हें सतर्कता के पद पर पदस्थ किया गया है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार सतर्कता और सूचना के अधिकार के पद पर कार्यरत मंसूर अहमद अब केवल रजिस्ट्रार सूचना का अधिकार का काम देखेंगे। माना जा रहा है कि यह फेरबदल प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन और विभागीय दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है।

### भारत मोबाइल कांग्रेस में वित्त मंत्री चौधरी ने दी राज्य की डिजिटल क्षमताओं की सशक्त प्रस्तुति

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की डिजिटल प्रगति और तकनीकी क्षमता को राष्ट्रीय मंच पर प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया गया। नई दिल्ली के यशोभूमि में आयोजित भारत मोबाइल कांग्रेस-2025 के अंतर्गत राज्यों के आईटी मंत्रियों की राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में राज्य के वित्त मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए देशभर के समक्ष राज्य के डिजिटल और दूरसंचार विकास की दृष्टि प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दूरसंचार अधोसंरचना के समन्वित विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयास सहकारी संघवाद का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने अपने संबोधन में प्रदेश में मोबाइल नेटवर्क विस्तार की आवश्यकता, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश के अवसर, साइबर सुरक्षा, डेटा सेंटर विकास और नवीन तकनीकों के प्रोत्साहन पर विशेष बल दिया। उन्होंने इंडियन मोबाइल कांग्रेस में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समक्ष छत्तीसगढ़ में मोबाइल टॉवर और हाईस्पीड इंटरनेट विस्तार के लिए ठोस तर्क प्रस्तुत किए। साथ ही विभिन्न राज्यों को छत्तीसगढ़ में भूकंपीय जोखिम कम होने के कारण डेटा सेंटर एवं डिज़ास्टर रिकवरी साइट स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। भारत सरकार के दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में दूरसंचार अधोसंरचना के तीव्र विकास के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में राज्य ने भारत सरकार द्वारा जारी राइट ऑफ वे नियम, 2024 को अधिसूचित कर 1 जनवरी 2025 से प्रभावी कर दिया है तथा केंद्रीय रो पोर्टल पर ऑनबोर्ड होने का निर्णय लिया है।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से उज्ज्वल होगा प्रदेश की बहनों का भविष्य : साय

# छत्तीसगढ़ में 1.59 लाख माताओं-बहनों को मिलेगा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत देशभर में 25 लाख नए एलपीजी कनेक्शन स्वीकृत किए गए हैं। इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ में "सुशासन तिहार" और "नियद नेल्लानार योजना" के अंतर्गत 1.59 लाख पात्र माताओं-बहनों को उज्ज्वला योजना का लाभ मिलेगा। यह निर्णय छत्तीसगढ़ की लाखों माताओं-बहनों के जीवन में स्वच्छ ऊर्जा और स्वास्थ्य का उजाला लेकर आएगा।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में जो उजाला फैलाया है, वह आने वाले वर्षों में पूरे समाज के विकास का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति हमेशा से परिवार और समाज की धुरी रही है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से उन्हें वह सम्मान मिला है, जिसकी वे हकदार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रत्येक पात्र बहन तक इस योजना का लाभ पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। भारत सरकार के इस निर्णय से छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में जीवन की गुणवत्ता में बड़ा सुधार होगा। ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों की महिलाएं अब प्रदूषण रहित वातावरण में जीवन जी सकेंगी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान में लगभग 38 लाख महिलाएं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ प्राप्त कर रही हैं।




## प्रदेश में गाय को राज्य माता घोषित करने पर विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गायों की सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि गाय को छत्तीसगढ़ की राज्य माता घोषित करने पर विचार किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अलग-अलग संगठनों की ओर से लंबे समय से गाय को प्रदेश की राज्य माता घोषित किए जाने की मांग उठती रही है, लेकिन अब तक किसी भी सरकार ने इस संबंध में विचार नहीं किया था। साय सरकार ने इस ओर पहल की है। दरअसल बागेश्वर धाम के प्रमुख पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने पिछले पांच दिनों तक छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रामकथा का पाठ किया। इस दौरान उन्होंने मंच से प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा था कि गाय को छत्तीसगढ़ की राज्य माता घोषित किया जाना चाहिए। वहीं अब सीएम श्री साय ने इस मामले में बड़ा बयान दिया है कि गाय को राज्य माता का दर्जा देने पर विचार किया जाएगा।

### बैज बोले- यह भाजपा का पॉलिटिकल प्रोपोगंडा

मुख्यमंत्री द्वारा गाय को राज्य माता घोषित किए जाने संबंधी बयान को कांग्रेस ने भाजपा का पॉलिटिकल प्रोपोगंडा बताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार बनने के बाद राज्य में गायें भूख से मर रही हैं। सरकार उनके चारे-पानी और सुरक्षा की व्यवस्था तो कर नहीं पा रही, मुख्यमंत्री गाय को राज्य माता घोषित करने की बात कर सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहते हैं। दो साल में 5 लाख गोवंश गायब हो गए, सरकार ने क्या किया? उन्होंने कहा, भाजपा गाय के नाम पर केवल राजनीति करना जानती है, उसे गोसेवा और गायों के संरक्षण से कोई मतलब नहीं है।

## बस्तर कोरापुट, बस्तर परिवहन संघ के बीच विवाद समझौते के बाद थमा

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

पिछले कुछ दिनों से आयरन ओर लोडिंग नहीं करने देने पर रायपुर में गाड़ियां रोकी गईं

- त्योहारी सीजन में विवाद की स्थिति निर्मित न हो, इसलिए प्रशासन ने कराया समझौता

आयरन ओर परिवहन को लेकर रायपुर-बस्तर-कोरापुट परिवहन संघ तथा बस्तर परिवहन संघ के बीच उपजा विवाद प्रशासन की दखल के बाद शांत हो गया है। पिछले दिनों रायपुर की दो सौ ट्रक रोके जाने के बाद रायपुर के ट्रांसपोर्टरों ने सिलतरा में ट्रकों को प्रवेश नहीं करने दिया।

विवाद की स्थिति को देखते हुए परिवहन विभाग के अफसरों ने दोनों ट्रांसपोर्ट यूनियन के बीच समझौता कराया और जगदलपुर में रायपुर की 68 ट्रकों में आयरन ओर लोड कराया। इसके बाद बस्तर की ट्रकों को सिलतरा में प्रवेश करने दिया गया।

रायपुर बस्तर कोरापुट परिवहन संघ के अध्यक्ष सुखदेव सिंग सिद्धू के अनुसार दोनों पक्षों में समझौता हुआ है कि पूर्व की तरह प्रति रैक में रायपुर की 17 ट्रकों में आयरन ओर लोड करने अनुमति दी जाएगी। डिलीवरी ऑर्डर तथा पर्ची सबंधित एसोसिएशन द्वारा ट्रांसपोर्टर या ड्राइवर को प्रदाय किया जाएगा। पर्ची के बिना या बिना बारी के अपना वाहन भरने वाले ट्रांसपोर्टर को ब्लैकलिस्ट करने एवं जुर्माने की कार्रवाई दोनों एसोसिएशन के मध्य पारस्परिक समन्वय से की जाएगी। विवाद की स्थिति में परिवहन विभाग के संयुक्त परिवहन आयुक्त की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित कर समाधान निकाला जाएगा। उल्लेखनीय है कि ट्रकों की लोडिंग नहीं होने पर गुरुवार को रायपुर के दो सौ ट्रांसपोर्टरों के ड्राइवर अपने ट्रकों की चाबी जगदलपुर एसपी को देकर चले आए थे। इसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए रायपुर के ट्रांसपोर्टरों के ट्रकों में आयरन ओर लोड कराने की व्यवस्था की गई।

कुतुल से नीलांगुर महाराष्ट्र बॉर्डर तक एनएच-130-डी का होगा निर्माण

## नारायणपुर-अबूझमाड़ को महाराष्ट्र से जोड़ेगा नेशनल हाईवे

हरिभूमि न्यूज : रायपुर



बस्तर अंचल को महाराष्ट्र से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 130-डी के निर्माण को नई गति मिली है। छत्तीसगढ़ शासन ने कुतुल से नीलांगुर (महाराष्ट्र सीमा) तक 21.5 किलोमीटर हिस्से के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। सड़क के निर्माण के लिए न्यूनतम टेंडर देने वाले ठेकेदार से अनुबंध की प्रक्रिया शर्तों सहित पूरी करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रमुख अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र रायपुर को दिए गए हैं। कुल तीन खंडों में निर्मित होने वाली 21.5 किलोमीटर सड़क के निर्माण हेतु 152 करोड़ रुपए न्यूनतम टेंडर दर प्राप्त हुई है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन ने मंजूरी प्रदान कर दी है।

यह उल्लेखनीय है कि कुतुल, नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में स्थित है और कुतुल से महाराष्ट्र सीमा पर स्थित नीलांगुर की दूरी 21.5 किलोमीटर है। यह नेशनल हाईवे 130-डी का हिस्सा है। इस सड़क का निर्माण टू-लेन पेव्ड शोल्डर सहित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एनएच-130डी राष्ट्रीय राजमार्ग है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 195 किलोमीटर है। यह एनएच-30 का शाखा मार्ग (स्पर रूट) है। यह कोण्डागांव से शुरू होकर नारायणपुर, कुतुल होते हुए नीलांगुर (महाराष्ट्र सीमा) तक जाता है। आगे महाराष्ट्र में यह बिंगुंडा, लहरे, धोदराज, भमरगढ़, हेमा, लकासा होते हुए आलापल्ली तक पहुँचता है, जहाँ यह एनएच-353डी से जुड़ जाता है। इस मार्ग के विकसित होने से बस्तर क्षेत्र सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क से जुड़ जाएगा और व्यापार, पर्यटन एवं सुरक्षा को बड़ी मजबूती प्राप्त होगी।

### महाराष्ट्र से सीधा संपर्क

नेशनल हाईवे 130-डी का कोण्डागांव से नारायणपुर तक का लगभग 50 किमी हिस्सा निर्माणाधीन है। नारायणपुर से कुतुल की दूरी 50 किमी है और वहां से महाराष्ट्र सीमा स्थित नीलांगुर तक 21.5 किमी की दूरी है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग की कुल लंबाई 195 किमी है, जिसमें से लगभग 122 किमी का हिस्सा कोण्डागांव-नारायणपुर से कुतुल होते हुए नीलांगुर तक छत्तीसगढ़ राज्य में आता है। इस सड़क के बन जाने से बस्तर अंचल को महाराष्ट्र से सीधा और मजबूत सड़क संपर्क मिलेगा तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुविधा सुलभ हो सकेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोग से इस नेशनल हाईवे के अबूझमाड़ इलाके में स्थित हिस्से के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस और निर्माण की अनुमति प्राप्त हुई, जिससे इस महत्वाकांक्षी परियोजना के निर्माण का रास्ता खुल गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग 130-डी केवल सड़क नहीं, बल्कि बस्तर अंचल की प्रगति का मार्ग है। सरकार ने इस परियोजना को तेजी देने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। इस सड़क से बस्तर के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। यह सड़क न केवल छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र को जोड़ेगी, बल्कि बस्तर अंचल के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में भी अहम भूमिका निभाएगी। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की गति तेज करने के लिए यह परियोजना मील का पत्थर साबित होगी।

## राशन दुकान संचालकों की हड़ताल, प्रदेश की 15 हजार दुकानों पर लगा रहा ताला, हितग्राही परेशान होकर लौटे

गुरुवार को राशन दुकानें बंद रहीं, संचालक हड़ताल पर, नवा रायपुर तूता में प्रदेशव्यापी धरना, रैली निकालकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेशभर के राशन दुकान संचालक गुरुवार को हड़ताल पर रहे। नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर एकत्रित होकर उन्होंने प्रदेशव्यापी धरना देकर अपनी लंबित मांगों के संबंध में शासन का ध्यान आकर्षित कराया। इस वजह से प्रदेश की राशन दुकानें बंद रखी गईं। उपभोक्ताओं को इस दिन राशन दुकानों से चावल, शक्कर, नमक और चना का वितरण नहीं हुआ। इसके चलते राशनकार्ड धारियों को राशन दुकानों से खाली हाथ लौटना पड़ा। प्रदेश में 2.73 करोड़ राशनकार्ड धारी सदस्य हैं। छत्तीसगढ़ पीडीएस संचालक संघ, शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को नवा रायपुर के तूता धरनास्थल में धरना दिया। जिसमें बड़ी संख्या में प्रदेशभर से राशन दुकान संचालक शामिल हुए। छत्तीसगढ़ पीडीएस संचालक संघ के अध्यक्ष नरेश बाफना, प्रदेश अध्यक्ष रामदेव सिन्हा, महिला अध्यक्ष लक्ष्मणिया उइके, कोषाध्यक्ष रूपनारायण सोनी ने कहा कि सरकार हेडलिंग लॉस प्रतिपूर्ति के रूप में अतिरिक्त खाद्यान्न दे। वेइंग मशीन का स्टेंपिग कार्य निशुल्क किया जाए, इसी तरह 150 क्विंटल से कम खाद्यान्न कोटा वाली दुकानों को प्रोत्साहन राशि दी जाए।

### 5 माह से नहीं मिल रहा सरकारी कमीशन , सर्वर डाउन की समस्या

तूता धरनास्थल पर सुबह से लेकर देर शाम तक धरना-प्रदर्शन करने जुटे राज्यभर के राशन दुकानदारों का कहना है कि 5 माह से उन्हें सरकारी कमीशन नहीं मिल रहा है। वहीं राशन दुकानों में लगाई गई नई मशीन का सर्वर बार-बार खराबी आने की समस्या से जूझ रहा है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है, कई दौर की बैठक के बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया है। 23 सितंबर 2024 में भी इन्हीं मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया था। उस समय सरकार ने आश्वासन दिया था कि सभी मांगों को पूरा किया जाएगा, लेकिन सालभर बाद भी उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया। इससे प्रदेशभर के राशन दुकान संचालकों में नाराजगी है।

### निकाली रैली, पुलिस ने ब्रिज के पास रोका, ज्ञापन सौंपा

प्रदेशभर से जुटे राशन दुकान संचालकों ने तूता धरनास्थल से सीएम हाउस घेराव के लिए रैली निकाली। पुलिस प्रशासन ने उन्हें अंडरब्रिज के पास बैरिकेड्स लगाकर रास्ते में ही रोक दिया। जहां प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को अपनी लंबित मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

## आवास-पर्यावरण सचिव बनाए जा सकते हैं सीईओ

# एससीआर के लिए सीईओ की होगी नियुक्ति, 242 पदों के सेटअप बनेगा, नवा रायपुर में दफ्तर जल्द

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ का नया स्टेट कैपिटल रीजन यानी एससीआर गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, एससीआर के लिए 242 पदों के सृजन का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके साथ ही इस संस्थान के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति भी की जानी है। बताया गया कि आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव को यह दायित्व सौंपा जा सकता है।

राज्य सरकार ने एससीआर के गठन की प्रक्रिया में तेजी आई है। इस संबंध में नियम भी बनाए जा चुके हैं। एससीआर के क्षेत्र में रायपुर, नवा रायपुर, भिलाई और दुर्ग शामिल होंगे, जरूरत पड़ने पर इसका विस्तार अभनपुर और राजनांदगांव तक किए जाने की संभावना भी है। खास बात ये है कि एससीआर प्राधिकरण राज्य की सबसे बड़ी संस्था होगी। इस संस्था की अध्यक्षता मुख्यमंत्री करेंगे। प्राधिकरण में चार मंत्री और सचिव स्तर के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

### सरकार की मंजूरी के बाद बनेगा संचालक मंडल

एससीआर के लिए 242 पदों का सेटअप तैयार कर पदों का सृजन किया जा रहा है। यह संभावना भी है कि इन पदों पर अन्य विभागों से अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर लिया जाए। इन पदों में एक महत्वपूर्ण पद मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) का होगा। संभावना है कि इस पद पर आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव को पदस्थ किया जा सकता है। यह सेटअप तैयार होने के बाद इसका प्रारूप राज्य शासन को भेजा गया है। सरकार के मंजूरी मिलने के बाद पदों पर नियुक्तियों की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

एससीआर के लिए एक संचालक मंडल यानी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर का गठन किया जा रहा है। इस संबंध में प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है। जानकारों की मानें तो संचालक मंडल में तीन या चार अधिकारी शामिल हो सकते हैं। एससीआर राज्य शासन की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक प्रमुख योजना है। 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने इसके गठन का चुनावी वादा भी किया था। अब सरकार वादा निभा रही है। एससीआर के गठन की प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

### पर्यावास भवन में होगा दफ्तर

एससीआर का नया कार्यालय नवा रायपुर में बनाने की योजना है। सरकार के पास इसके लिए पर्यावास भवन में स्थान उपलब्ध है। यहीं से आवास एवं पर्यावरण विभाग के दफ्तर संचालित हो रहे हैं। लिहाजा इस बात की संभावना अधिक दिख रही है कि एससीआर का मुख्यालय नवा रायपुर में होगा।

## हसदेव अरण्य खनन पर दाखिल याचिका खारिज

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने हसदेव अरण्य क्षेत्र में कोयला खनन के खिलाफ लगाई गई याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि ग्रामीणों का सामुदायिक वन अधिकार का दावा साबित नहीं हुआ है। इस मामले पर जस्टिस राकेश मोहन पाण्डेय की सिंगल बेंच में सुनवाई हुई। हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति और जयनंदन सिंह पोर्ते ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें कहा गया था कि ग्राम घठबार्रा के लोगों को वन अधिकार कानून 2006 के तहत सामुदायिक अधिकार मिले थे, जिन्हें साल 2016 में जिला समिति ने रद्द कर दिया। याचिकाकर्ताओं ने 2022 में फेज-टू कोल ब्लॉक की मंजूरी को भी चुनौती दी थी, उनका कहना था कि ग्रामसभा की सहमति लिए बिना खनन की मंजूरी दी गई जो अवैध है। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति कोई वैधानिक संस्था नहीं है, इसलिए वह ग्रामसभा या ग्रामीणों की ओर से सामुदायिक अधिकारों का दावा नहीं कर सकती। वहीं राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की ओर से कहा गया कि कोल ब्लॉक का आबंटन कोल माइंस एक्ट 2015 के तहत हुआ है, जिसे संसद ने पारित किया है। यह अधिनियम अन्य सभी कानूनों पर प्राथमिकता रखता है, इसलिए वन अधिकार कानून इसमें बाधक नहीं है। हाईकोर्ट ने केन्द्र और राज्य सरकार के साल 2012 और 2022 के आदेशों को सही ठहराते हुए कहा कि पारसा ईस्ट और केते बासन कोल ब्लॉक के फेज-वन और फेज-टू में खनन की प्रक्रिया वैध है। कोर्ट ने माना कि खनन की मंजूरी के लिए सभी आवश्यक औपचारिकताओं और नियमों का पालन किया गया। जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की बेंच ने आदेश में कहा कि सरगुजा जिले के उदयपुर तहसील के ग्राम घठबार्रा की 2008 और 2011 की ग्रामसभा बैठकों में केवल व्यक्तिगत भूमि अधिकार और पट्टों पर चर्चा हुई थी। सामुदायिक अधिकारों पर कोई प्रस्ताव पारित नहीं हुआ।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025






**आनंद का सच्चा भाव®**

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹88960/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹108650/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹118601/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand® Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply

**फार्मेसी काउंसलिंग प्रारंभ**

**B.PHARMACY**
**D.PHARMACY**
**M.PHARMACY**

ऑनलाइन चॉइस फिलिंग की तिथि 13-10-24 से 18-10-24 तक

**श्री रावतपुरा सरकार**
इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी
7222910441/30


प्रदेश के जनजातीय इलाकों में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने एमएमयू संचालन की योजना

# मेडिकल मोबाइल यूनिट वाहन का लंबाई और कद घटाया वजन सिर्फ 4000 किलो, ठेके को लेकर सवाल ही सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

जनजातीय क्षेत्रों की बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने बनी पीएम जनमन मोबाइल मेडिकल यूनिट योजना में वाहन घोटाला का अंदेशा है। यह इसलिए कि जिस एजेंसी को ठेका दिया गया है, उसने टेंडर में निर्धारित पैरामीटर को पूरा नहीं किया। उसने वाहनों की ऊंचाई, लंबाई और वजन घटा दिया है। अब अफसरों का कहना है कि इसका भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधीन संचालित पीएम जनमन एमएमयू योजना में चिकित्सकीय सुविधायुक्त वाहनों के संचालन के लिए सीजीएमएससीएल द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी कर दक्षिण प्रांत की धनुष नामक एजेंसी को ठेका दिया गया है। इसके लिए संचालन एजेंसी द्वारा 108 करोड़ की लागत से 57 गाड़ियां लाई गई हैं, उन पर निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करने का आरोप लग रहा है। शिकायत की जा रही है कि टेंडर में मोबाइल यूनिट अस्पताल वाहनों के लिए निर्धारित मानकों को पूरा नहीं किया गया है। आरोप है कि शर्तों को नजरअंदाज कर हर वाहन के पीछे 10 लाख का हेरफेर किया गया है। निविदा में वाहनों की अनुमानित कीमत 35 लाख रुपए तय की गई, मगर पेश गई की गई गाड़ियों की लागत 25 लाख रुपए बताई जा रही है। इस तरह 57 वाहनों की कीमत में 5.70 करोड़ का अंतर आ गया है। ग्रामीण इलाकों में पूर्व में मोबाइल मेडिकल ▶▶| शेष पेज 6 पर

**दक्षिणी राज्य की एजेंसी धनुष को जिम्मेदारी, आरोप : टेंडर की शर्तों को पूरा नहीं कर रही कंपनी**




### ऐसा अंतर सामने आ रहा

*कहा जा रहा है कि योजना के तहत लाई 108 करोड़ की 57 गाड़ियां लंबाई, ऊंचाई और वजन के निर्धारित मापदंड को पूरा नहीं कर रही हैं। इन गाड़ियों की ऊंचाई साढ़े छह फीट से कम होकर 6 फीट, भीतर की लंबाई 17 से 22 फीट के बजाय 14 फीट और वजन 6 हजार किलो से घटकर 4 हजार किलो है।*







### एंट्री-एग्जिट का एक ही गेट

*नवा रायपुर के सेक्टर-19 की मल्टी पार्किंग में 35 गाड़ियों को पार्क किया गया है। इन वाहनों में मरीजों के आने और निकालने के लिए एक ही गेट बनाया गया है। निर्धारित नियम के अनुसार एमएमयू के वाहनों में एंट्री और एग्जिट के लिए अलग-अलग गेट होना आवश्यक है। इसके अलावा वाहनों के रखरखाव और संचालन व्यय मे भी बड़ी रकम का व्यय बताया गया है।*

### जांच की उठी मांग

*वाहनों में अनियमितता होने के गंभीर आरोपों के साथ कई प्रतिस्पर्धी कंपनियों ने शासन से जांच की मांग की है। उनका कहना है कि सेवा प्रदाता कंपनी द्वारा निविदा शर्तों के उल्लंघन की तकनीकी एवं वित्तीय जांच कराई जाए। साथ ही टेंडर प्रक्रिया की विस्तृत रूप से समीक्षा कर ठेका एजेंसी पर मेहरबान अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।*

### मानकों पर खरे उतरे तभी करेंगे स्वीकार

*सीजीएमएससी द्वारा निविदा की प्रक्रिया पूरी कर एल-1 कंपनी को कार्यादेश दिया गया है। उनके द्वारा लाए गए वाहनों का स्पेसिफिकेशन किया जाएगा। मानकों पर खरे उतरने पर ही उन्हें स्वीकार किया जाएगा।*

*- रितेश अग्रवाल, एमडी, सीजीएमएससी*

ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर की मौजूदगी में 3884 करोड़ की डील

# भारत में ब्रिटेन से आएंगी मिसाइलें, यॉर्क और ब्रिस्टल जैसी नौ यूनिवर्सिटी के कैंपस भी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुंबई में मुलाकात की। मुंबई में दोनों देशों के पीएम के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। इस दौरान भारत और ब्रिटेन ने 468 मिलियन डॉलर (करीब 3884 करोड़ रुपए) की एक प्रमुख रक्षा साझेदारी पर हस्ताक्षर किए हैं। इस करार के तहत ब्रिटेन भारतीय सेना को लाइटवेट मल्टी-रोल मिसाइल्स उपलब्ध कराएगा। दोनों नेताओं ने खालिस्तानी आतंकवाद पर भी चर्चा की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत और ब्रिटेन स्वाभाविक साझेदार हैं। दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंध ऐसे समय में वैश्विक स्थिरता एवं आर्थिक प्रगति के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जब विश्व अनिश्चितता के दौर से जूझ रहा है। मोदी ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के साथ व्यापक मुद्दों पर बातचीत के बाद यह टिप्पणी की। मोदी-स्टार्मर वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने भारतीय सेना को उसकी वायु रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए हल्की बहुउद्देशीय मिसाइल प्रणालियों की आपूर्ति करने की योजना की घोषणा की। इसके अलावा, भारत की नौसेना के लिए समुद्री विद्युत प्रणोदन प्रणालियों को संयुक्त रूप से विकसित करने के लिए एक अंतर-सरकारी समझौते को अंतिम रूप देने के लिए सैद्धांतिक कदम भी उठाया गया। दोनों नेताओं ने कहा कि जुलाई में दोनों पक्षों के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर मुहर लगने से नई ऊर्जा का संचार होगा, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और संबंधों का समग्र ▶▶| शेष पेज 6 पर

- भारत में नौ ब्रिटिश विवि के नए परिसर खोलने पर मुहर

### सेना को मिलेंगी लाइटवेट मल्टी-रोल मिसाइल्स

**क्या होगा फायदा**

मंत्रालय ने कहा, इस डिफेंस डील से उत्तरी आयरलैंड में 700 से ज्यादा नौकरियां सुरक्षित होंगी, क्योंकि भारत के लिए बनाई जाने वाली एयर डिफेंस मिसाइलें और लॉन्चर्स वही हैं, जो बेलफास्ट इस वक्त यूक्रेन के लिए बना रहा है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यह समझौता भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक जटिल हथियार साझेदारी का मार्ग प्रशस्त कर सकता है, जिसे लेकर दोनों देशों के बीच इस वक्त बातचीत जारी है।



### भारत के लिए क्यों महत्वपूर्ण है रक्षा समझौता?

ब्रिटेन के साथ लाइट-वेट मल्टीरोल मिसाइल को लेकर हुआ यह रक्षा समझौता भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है। हालांकि, भारत के पास पहले से ही कई तरह की मिसाइलें हैं, लेकिन ब्रिटेन से मिलने वाली आधुनिक, हल्की और मल्टीरोल मिसाइलें भारतीय सेना को किसी भी संभावित हमले के दौरान तुरंत जवाब देने में मदद करेंगी।

### खालिस्तानी कट्टरपंथ पर भी चर्चा

**आतंकवाद**

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि दोनों नेताओं के बीच खालिस्तानी कट्टरपंथ पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ब्रिटिश पीएम स्टार्मर की मीटिंग के दौरान खालिस्तानी चरमपंथ के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। मिस्री ने कहा कि पीएम मोदी ने इस दौरान जोर देकर कहा कि लोकतांत्रिक देशों में कट्टरवाद और हिंसक चरमपंथ की कोई जगह नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि कट्टरवाद और हिंसक उग्रवाद का लोकतांत्रिक समाजों में कोई स्थान नहीं है।

### भारत आएंगी ब्रिटेन की नौ यूनिवर्सिटी

**शिक्षा**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर की मुंबई यात्रा के दौरान भारत में ब्रिटेन के नौ विश्वविद्यालय के नए परिसरों खोलने पर सहमति बनी। इस पहल के साथ ब्रिटेन भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सबसे बड़ी मौजूदगी वाला देश बन जाएगा। हाल में गुरुग्राम में साउथेम्पटन विश्वविद्यालय का परिसर खुलने के बाद, लैंकेस्टर विश्वविद्यालय और सरे विश्वविद्यालय को नए परिसर खोलने की मंजूरी मिल गई है। यॉर्क विश्वविद्यालय, एबरडीन विश्वविद्यालय, ब्रिस्टल विश्वविद्यालय, लिवरपूल विश्वविद्यालय, क्वीन्स विश्वविद्यालय बेलफास्ट और कोवेंट्री विश्वविद्यालय अगले वर्ष से भारतीय परिसर स्थापित करने की कतार में हैं।

**विजन-2035**

### डिजिटल प्लेटफॉर्म पर साथ-साथ

पीएम मोदी ने कहा कि सभी ने भारत की फिनटेक (डिजिटल वित्तीय सेवाओं) क्षेत्र में क्षमता देखी है। आज दुनिया के लगभग 50% रियल-टाइम डिजिटल लेनदेन भारत में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन के वित्तीय सेवाओं का अनुभव और भारत का डिजिटल प्लेटफॉर्म मिलकर पूरे मानवता के लिए फायदेमंद हो सकता है। मोदी ने कहा कि अपने संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री स्टार्मर के साथ विजन 2035 की घोषणा की। यह हमारे साझा लक्ष्यों के लिए एक रूपरेखा है। भारत और ब्रिटेन जैसी खुली और लोकतांत्रिक देशों में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां सहयोग बढ़ाया न जा सके।

# ट्रिपल आईटी की छात्राओं की अश्लील फोटो मामले में छात्र गिरफ्तार, होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

नवा रायपुर स्थित ट्रिपल आईटी की तीन दर्जन छात्राओं की एआई से अश्लील फोटो बनाने के आरोप में राखी थाने की पुलिस ने कॉलेज के फिफ्थ सेमेस्टर के छात्र को बिलासपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी छात्र द्वारा अश्लील फोटो बनाने ▶▶| शेष पेज 6 पर

**अश्लील फोटो बनाने की मंशा अब तक स्पष्ट नहीं**




### साक्ष्यों की जांच करेगी पुलिस

छात्र से जब्त लैपटॉप, मोबाइल की पुलिस के साइबर एक्सपर्ट की टीम ने जांच शुरू कर दी है। साइबर एक्सपर्ट की मदद से पुलिस जानकारी जुटाएगी कि एआई से तैयार अश्लील फोटो को आरोपी छात्र ने ▶▶| शेष पेज 6 पर

### अश्लील फोटो को लेकर रहस्य बरकरार

छात्राओं की अश्लील फोटो बनाने को लेकर अब भी रहस्य बरकरार है। अदनान अली ने एक छात्रा की फोटो खींचकर उसके वाट्स एप में वन टाइम फोटो पोस्ट की, तब मामले का खुलासा हुआ। छात्रा द्वारा इस तरह की घिनौनी हरकत कब से की जा रही है, इस बात की जानकारी जुटाना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है। सूत्रों के मुताबिक, मामला उजागर होने के बाद ▶▶| शेष पेज 6 पर



**आईपीएस सुसाइड केस**

## सुसाइड नोट के आधार पर डीजीपी समेत 13 अफसरों पर एफआईआर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के 2001 बैच के आईपीएस अधिकारी एडीजीपी वाई पूरण कुमार की मौत मामले में चंडीगढ़ पुलिस ने हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर समेत 12 से 13 अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पूरण कुमार ने अपने सुसाइड नोट में डीजीपी शत्रुजीत कपूर, रोहतक के एसएसपी समेत कुल 13 अधिकारियों के नाम लिखे थे। सुसाइड नोट के आधार पर चंडीगढ़ पुलिस ने अब इन सभी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

### लगाए थे गंभीर आरोप

आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार के सुसाइड नोट में पुलिस और वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस को यह भी पता चला है कि सुसाइड नोट में कोई तात्कालिक घटना या निजी झगड़े का जिक्र नहीं है यानी अधिकारी ने अपने अंतिम कदम के पीछे किसी अचानक हुए तनाव या हालिया विवाद को नहीं बताया।

**राजधानी रायपुर के डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल का हाल**

बच्चे के सीने पर लगी तख्ती देखकर रोने लगा परिवार

# मासूम के सीने के पास चस्पा कर दी तख्ती, इसकी मां एचआईवी पॉजिटिव है

वरुण झा ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि एक्सक्लूसिव**

छत्तीसगढ़ के सबसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों में से एक माने जाने वाले डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल में एक नवजात बच्चे के साथ अमानवीयता की सारी हदें पार करते हुए व्यवहार किया गया है। जिंदगी और मौत से जूझ ▶▶| शेष पेज 6 पर




**थंब इंप्रेशन में भी जानकारी सार्वजनिक**

बच्चे के पिता ने यह भी बताया कि जब उन्हें बच्चे को उपचार के लिए कंसेंट किया गया, तो भी थंब इंप्रेशन के लिए जो पैड अंगूठा का निशान लेने के लिए उपयोग के लिए दिया गया। उसमें भी एचआईवी से संबंधित जानकारी का उल्लेख किया गया था। उन्होंने बताया कि अस्पताल में उपचार व्यवस्था के तहत प्राइवेट लैब से खून और अन्य ▶▶| शेष पेज 6 पर

### सर्कुलर जारी करेंगे पहचान सार्वजनिक नहीं होनी चाहिए


*किसी भी संक्रमित व्यक्ति की पहचान सार्वजनिक नहीं होनी चाहिए। इसे लेकर एक नोटिस देने के साथ ही साथ पूरे प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों को सर्कुलर जारी करेंगे। इस विषय पर मेरी संबंधित विभाग के चिकित्साधिकारी से बात हुई है, उनका कहना है कि समस्या का निराकरण कर दिया गया है।*

*- डॉ. खेमराज सोनवानी, अतिरिक्त परियोजना संचालक, एड्स नियंत्रण समिति*

## चिंतन

# अफगान विदेश मंत्री के भारत आने के मायने

एक ही दिन में दो खबरें आईं, दोनों का मजबून अलग-अलग है, लेकिन मूल एक ही है। पहली खबर है कि अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पत्र लिखकर आगाह किया है कि भारत से तुरंत संबंधों को सुधारें नहीं तो वो रूस और चीन के नजदीक चला जाएगा। दूसरी खबर है कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी भारत दौरे पर पहुंचे। हालांकि भारत ने अभी तक अफगान की तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है। इसके बावजूद दोनों देशों के रिश्तों में लगातार सुधार हो रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जिस तरह अफगान की तालिबान सरकार भारत के समर्थन में खड़ी हुई, उसे पूरी दुनिया ने देखा। भारत ने भी क्रिकेट से लेकर निर्माण तक में अफगान की मदद की। भारत, पाकिस्तान को अलग-थलग करने की रणनीति पर काम कर रहा है। अब अफगानिस्तान के करीब आने से साउथ एशिया में भारत की स्थिति मजबूत होगी। भारत दौरे से पहले अफगानी मंत्री रूस की राजधानी मॉस्को भी पहुंचे। यहां वे 'मॉस्को फॉर्मेट कंसल्टेशन' की बैठक में शामिल हुए, जिसमें भारत उनके सपोर्ट में दिखा। भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस प्लान का विरोध किया है, जिसमें उन्होंने अफगानिस्तान से बगराम एयरबेस वापस लेने की बात कही थी। 2021 में अमेरिका के अफगानिस्तान छोड़ने और तालिबान की सरकार बनने के बाद भारत ने काबुल में अपना दूतावास बंद कर दिया था। तब से दोनों देशों के बीच कोई औपचारिक रिश्ता नहीं रहा। भारत ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को ऑफिशियली मान्यता भी नहीं दी है। हालांकि भारत लंबे वक्त से अफगानिस्तान के साथ बैकडोर डिप्लोमेसी करता रहा है। अब तालिबान सरकार के करीब 5 साल के शासन के बाद विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी भारत दौरे पर हैं। माना जा रहा है कि उनकी विदेश मंत्री एस.जयशंकर से भी मुलाकात होगी, जिसमें दोनों के देशों के संबंधों के अलावा अफगान को मान्यता देने पर भी बात होगी। इससे साफ संदेश जाता है कि भारत अब तालिबान सरकार को गंभीरता से ले रहा है और उसे अफगानिस्तान के प्रतिनिधि संस्था के तौर पर स्वीकार कर रहा है। भारत को ये अंदाजा हो गया है कि तालिबान अफगानिस्तान में लंबे वक्त तक रह सकता है इसलिए उनके साथ बातचीत जरूरी है। ऐसा लग रहा है कि अफगानिस्तान में आंतरिक संघर्ष खत्म हो चुका है और तालिबान की सत्ता को स्वीकार कर लिया गया है। अब ऐसा तालिबान सत्ता में आया है, जो करीब-करीब सारे गुटों को साथ लेकर चल रहा है। इससे पहले हामिद करजई की सरकार थी। उसके बारे में यही कहा जाता था कि वो काबुल के चेयरमैन हैं, उससे ज्यादा कुछ नहीं। वो पूरी तरह से विदेशी सहायता पर निर्भर थे। इसी के चलते पाकिस्तान को अफगान में दखल का मौका मिल रहा था। अब तालिबान सरकार पूरी तरह से एकजुट दिख रही है। इसके चलते पाक को अफगान से सीधा मुकाबला भी मिल रहा है। अब जबकि अफगानी विदेश मंत्री भारत दौरे पर है तो पाकिस्तान की नींद खराब होना तय है। वहीं, अफगान के जिस बगराम एयरबेस को वापस लेने का भारत ने विरोध किया है, उस पर चीन और पाकिस्तान ने भी भारत का समर्थन करके अमेरिका की नींद उड़ा दी है। अमेरिका को लग रहा है कि अगर भारत से संबंधों में सुधार नहीं किया गया तो साउथ एशिया में उसके लिए हालात विकट हो सकते हैं। भारत के मुकाबले कमजोर पाकिस्तान पर भरोसा करना उसे महंगा पड़ सकता है। चीन पहले से ही अमेरिका को आंखें दिखा रहा है।



# बढ़ती दुश्वारियां बनी किसानों की नियति

प्राकृतिक आपदा
अखिलेश आर्येन्दु

इस साल बरसात से जान-माल, बादल फटने और बाढ़ से जो नुकसान हुआ, इसका अभी सरकारी अनुमान लगाया जा रहा है। खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की रिपोर्ट के मुताबिक बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के कारण दुनियाभर के किसानों के ऊपर हर साल आर्थिक, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक असर पड़ रहा है। इससे वह कई बीमारियों के चपेट में आ जाता है। यह चपत किसान को बर्बादी के कगार पर खड़ा होने के लिए मजबूर कर रही है। किसानों पर पड़ रही यह भयंकर मार वैश्विक स्तर पर कृषि-क्षेत्र के वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद के करीब पांच फीसदी है। गौरतलब है प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं पिछले तीस वर्षों में तेजी से बढ़ी हैं जो चिंता पैदा करने वाली हैं।

इस साल पंजाब, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उतराखंड, उत्तर प्रदेश, असम, राजस्थान, दिल्ली सहित दक्षिण के तमाम राज्यों में औसत से ज्यादा बरसात हुई है। इसकी वजह से सैकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में आ गये और हजारों हेक्टेयर खरीफ की फसल बर्बाद हो गई। लाखों-करोड़ों के नुकसान का अनुमान है। पहाड़ी राज्यों में बादल फटने की घटनाओं से जान-माल का नुकसान तो हुआ ही, लाखों हेक्टेयर खेत में खड़ी फसल व फल बर्बाद हो गए। केंद्र ने पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश सहित अतिवृष्टि व बाढ़ प्रभावित राज्यों को राहत कार्यों और लोगों के क्षतिग्रस्त मकान–दुकानों के लिए जरूरी राहत धनराशि मुहैया कराई है, जिससे उनको फिर से बगैर जोखिम उठाए बरसात से हुए नुकसान से उबारा जा सके। फिर भी, किसानों को इससे थोड़ी ही राहत हुई है। जितना नुकसान हुआ और परिवार को जो पीड़ाएं और परेशानियां हुई, उनको समझने वाला कोई नहीं है। इसे किसानों की नियति कहेंगे या कुछ और। एक समस्या खत्म नहीं होती, दूसरी सामने मुंह बाए खड़ी दिखती है।

पिछले साल वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन (डब्ल्यू.डब्ल्यू.ए) और क्लाईमेट सेंट्रल की संयुक्त रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी। इसके मुताबिक मानव-जनित जलवायु परिवर्तन की वजह से उच्च तापमान के कारण 2024 में बाढ़ तूफान, सूखा, जंगल की आग और गर्मी की लहरों का आगाज लगातार बना रहा। रिपोर्ट के मुताबिक 24 मौसम घटनाओं में 3,700 लोगों की मौत हुई और लाखों लोग विस्थापित हुए। इस रिपोर्ट से समझा जा सकता है कि जलवायु परिवर्तन कितना खतरनाक है। इस साल बरसात से जान-माल, बादल फटने और बाढ़ से जो नुकसान हुआ, इसका अभी सरकारी अनुमान लगाया जा रहा है। खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की रिपोर्ट के मुताबिक बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के कारण दुनियाभर के किसानों के ऊपर हर साल आर्थिक, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक असर पड़ रहा है। इससे वह कई बीमारियों के चपेट में आ जाता है। यह चपत किसान को बर्बादी के कगार पर खड़ा होने के लिए मजबूर कर रही है। किसानों पर पड़ रही यह भयंकर मार वैश्विक स्तर पर कृषि-क्षेत्र के वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद के करीब पांच फीसदी है। गौरतलब है प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं पिछले तीस वर्षों में तेजी से बढ़ी हैं जो चिंता पैदा करने वाली हैं। ऋतु-चक्र में आया यह बदलाव कई तरह की दुश्वारियां, संकट, परेशनियां और बीमारियां पैदा कर रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के प्राकृतिक कारणों से दुनिया में तमाम तरह की दुश्वारियां, बीमारियां, संकट और ऋतु-चक्र में अनुमान से ज्यादा बदलाव देखे जा रहे हैं। जो प्राकृतिक कारण जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा दे रहे हैं उनमें वायु प्रदूषण, सूर्य में परिवर्तन, ज्वालामुखियों में उत्सर्जन और लगातार कार्बन डाइऑक्साइड के बढ़ते जाना, जीवाश्म ईंधन का अधिक मात्रा में जलना, वनों की कटाई, पहाड़ों का लगातार क्षरण, औद्योगिक-क्षेत्र से लगातार बढ़ता जहरीला कचरा, खेती प्राणालियों से ग्रीनहाउस गैसों का बढ़ते जाना और वाहनों की बढ़ती तादाद प्रमुख है। इतनी सारी वजहों के अलावा लगातार युद्धों से जहरीली गैसों का उत्सर्जन, परमाणु कचरा, प्लास्टिक व माइक्रोप्लास्टिक भी ऋतु-चक्र और मौसम का लगातार बेईमान होने की वजह बन रहा है। वैज्ञानिकों



का मानना है कि कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन ग्रीन हाउस गैसों की वजह से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या लगातार बढ़ रही है।

सवाल यह है जलवायु परिवर्तन के दौर में ऐसी प्राकृतिक आपदाओं से हुए जान-माल और खेती-बागवानी के नुकसान का रहनुमा कौन है? और सवाल यह भी है जिस किसान के ऊपर अन्न, सब्जी, फल, दूध, ऊन पैदा करने की जिम्मेदारी है उस किसान की हालात कब तक ऐसी बनी रहेगी? क्या सरकारी राहत से किसानों के नुकसान की पूरी भरपाई हो पाती है? भारत में तो नहीं होती। जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर किसानों पर हुआ है। कृषि-क्षेत्र में किसानों की रुचि वैश्विक स्तर पर लगातार कम हो रही है। एफएओ के आंकड़े बताते हैं कि पिछले 23 वर्षों में कृषि में श्रम बल 40 से घटकर 26 फीसदी पहुंच गया। आंकड़े के अनुसार जहां साल 2000 में करीब 102.7 करोड़ लोग यानी वैश्विक श्रम बल का करीब 40 फीसदी हिस्सा कृषि से जुड़ा था, वह 2021 में घटकर महज 26 फीसदी ही रह गया। यानी अब केवल 87.3 करोड़ से कम लोग अपनी जीविका के लिए खेती पर निर्भर हैं। भारत में जिस तेजी से लोगों में खेती-बागवानी और पशुपालन में रुचि और रोजगार की निर्भरता लगातार कम हो रही है, भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए बहुत चिंता की बात है।

खाद्य एवं कृषि संगठन की नई स्टैटिस्टिकल ईयर बुक : वर्ल्ड फूड एंड एग्रीकल्चर 2023 के अनुसार 1991 से 2021 के दौरान किसानों को बाढ़, तूफान, ओला, अकाल और बादल फटने की घटनाओं से फसलों के नुकसान और पशुधन की मौत से करीब 321,6 लाख करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ा है। इन आपदाओं का सबसे ज्यादा खामियाज़ा भारत सहित पूरे एशिया के किसानों को भुगतना पड़ा। यह बहुत बड़ी चपत है। 2021-25 के अगस्त माह तक तकरीबन 200 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। किसी और सेक्टर में इतनी बड़ी चपत आमतौर पर देखने में नहीं आती। यदि आती भी है तो, उन देशों की सरकारें उनके साथ हर हालत में खड़ी रहती हैं। इसलिए उन देशों में कृषि घाटे का कार्य नहीं है। इसलिए पलायन की समस्या वहां के गांवों में न के बराबर है। कृषि के अलावा दूसरे सेक्टरों में काम कर रहे व्यक्ति को घाटा लगने पर सरकार उसका पूरा भरपाई करती है, लेकिन भारत के किसानों को भरपाई के नाम पर लॉलीपाप थमाया जाता है। आजादी के सतहत्तर सालों में किसानी सबसे मजबूरी वाला क्षेत्र रहा है। किसान और खेतिहर मजदूरों की दशा सबसे अधिक दयनीय रही है।

यही वजह है सबसे अधिक घाटे वाला, पीड़ादायक और खून सुखा देने वाला रहा है। आत्महत्या सबसे ज्यादा किसान और उसके परिवारी-जन करते हैं। लागत, मेहनत, परेशानी, अनिश्चितता सबसे ज्यादा और इज्जत के नाम पर प्रताड़ना किसान की नियति का खेल नहीं तो क्या है? रिपोर्ट बताती है कि भारत सहित एशिया के किसानों को पिछले तीन दशकों के दौरान करीब 143.2 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं पर अमेरिका और यूरोप अपने कृषि क्षेत्र के संबंध में आनुपातिक रूप से अधिक प्रभावित हुए हैं। भारत के लाखों किसान जहां तमाम आर्थिक समस्याओं में उलझे रहते हैं वहीं पर पारिवारिक समस्याओं से भी परेशान रहते हैं। खेती की तरफ किसानों की रुचि लगातार कम होने को लेकर सरकारों ने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया कि लोगों में कृषि की तरफ रुचि फिर से पैदा हो और बेरोजगारी की विकराल समस्या से लोगों को छुटकारा मिले। कृषि में छुपी लागत किसान के लिए सबसे चिंता का विषय है। इसलिए सरकार को विशेषज्ञों से सलाह ले ऐसी नीति बनानी चाहिए जिससे इस बाबत किसानों को होने वाली परेशानियां कम से कम हो।

( लेखक पर्यावरण संरक्षण से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे

विवेक शुक्ला



# सबको ठीक करने वाले ही खुद हो रहे बीमार

क्या आपने कभी सोचा है कि जो लोग हमें बीमारियों से बचाते हैं, वो खुद कितने बीमार हो रहे हैं? जी हां, भारत के मेडिकल प्रोफेशनल्स, डॉक्टरों, नर्सों और दूसरे हेल्थ वर्कर्स भी मेंटल हेल्थ का शिकार हो रहे हैं। ये लोग दिन-रात मरीजों की सेवा करते हैं, लेकिन खुद की मेंटल हेल्थ पर ध्यान नहीं दे पाते। हाल के सालों में ये समस्या इतनी बढ़ गई है कि कई डॉक्टर डिप्रेशन, एंग्जाइटी और यहां तक कि सुसाइड तक के शिकार हो रहे हैं। ये कोई छोटी-मोटी बात नहीं है; ये एक बड़ा मुद्दा है जो पूरे हेल्थ सिस्टम के लिए चुनौती बन गया है। ये समस्या क्यों हो रही है? डॉक्टरों की जिंदगी आसान थोड़े ही है। लेडी हॉर्डिंग मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली से जुड़े रहे प्रख्यात मनोचिकित्सक डॉ. सुनील मित्तल कहते हैं कि अस्पतालों में ड्यूटी के घंटे इतने लंबे होते हैं कि नींद पूरी नहीं हो पाती। कभी-कभी 36-48 घंटे की लगातार शिफ्ट! सोचिए, इतने समय तक काम करने से इंसान कितना थक जाता होगा। ऊपर से मरीजों की भीड़, इमरजेंसी केस, और वो सारा प्रेशर कि हर मरीज को बचाना है। एक स्टडी में पाया गया कि कोविड के दौरान 37% हेल्थ वर्कर्स को एंग्जाइटी हुई, 33% डिप्रेशन और 23% स्ट्रेस। ये आंकड़े डराने वाले हैं, क्योंकि ये लोग हमारी जान बचाते हैं, लेकिन खुद की सेहत का क्या? और सिर्फ काम का प्रेशर ही नहीं, मेडिकल एजुकेशन का सिस्टम भी बड़ा दोषी है। एमबीबीएस स्टूडेंट्स और रेजिडेंट डॉक्टरों को एग्जाम की इतना टेंशन रहती है कि नींद उड़ जाती है। मेडिकल कॉलेजों में हैरासमेंट भी कम नहीं। सीनियर-जूनियर का ईगो क्लैश, बुलिंग, और वो 'सुपीरियर-इनफीरियर' वाला ऐटिट्यूड। आरटीआई से मिली जानकारी से पता चला कि पिछले 5 सालों में 191 मेडिकल स्टूडेंट्स ने सुसाइड किया, और 1166 ने कॉलेज छोड़ दिया। ये आंकड़े बताते हैं कि कॉलेज 'हब ऑफ हैरासमेंट' बन चुके हैं। अब आंकड़ों की बात करें तो हालत और भी बुरी लगती है। भारत में साइकिएट्रिक डिसॉर्डर्स की दर 9.5 से 370 प्रति 1000 लोग है, लेकिन डॉक्टरों में ये ज्यादा है। एक सर्वे में पाया गया कि 34.9% डॉक्टर अनलाद के शिकार हैं, 39.5% को एंग्जाइटी और 32.9% को स्ट्रेस। इन सब का असर क्या होता है? सबसे पहले, डॉक्टरों की पर्सनल लाइफ बर्बाद। फैमिली टाइम नहीं, लव लाइफ नहीं, यहां तक कि पैरेंट्स की उम्र बढ़ने का टेंशन। तो समाधान क्या? सबसे जरूरी है जागरूकता। डॉक्टरों के लिए अस्पतालों में काउंसलिंग सेंटर बनें। गवर्नमेंट को पॉलिसी चेंज करनी चाहिए, ड्यूटी घंटे कम करें, जैसे यूरोप में 48 घंटे का मैक्सिमम। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि ये याद रखा जाना चाहिए कि डॉक्टर भी इंसान हैं। अगर वो खुश और सेहतमंद नहीं रहेंगे, तो हम कैसे रहेंगे? सरकार, अस्पताल और हम सबको मिलकर इस समस्या को हल करना होगा। छोटे-छोटे कदम जैसे दोस्तों से बात करना, योग करना, या हेल्पलाइन पर कॉल करना – ये सब मदद कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोग ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अवसाद, चिंता और अन्य मानसिक विकारों से अधिक प्रभावित होते हैं। शहरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बढ़ने के प्रमुख कारणों में से एक है पर्यावरणीय प्रदूषण। वायु प्रदूषण, शोर प्रदूषण और विषाक्त पदार्थों का संपर्क मस्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, जिससे तनाव और अवसाद बढ़ता है। दूसरा महत्वपूर्ण कारण है सामाजिक अलगाव। शहरों में लोग व्यस्त जीवनशैली के कारण परिवार और दोस्तों से दूर हो जाते हैं, जिससे अकेलापन बढ़ता है। अपराध दर, असमानता और हिंसा जैसे कारक भी चिंता को बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा, तेज गति वाला जीवन, लंबे काम के घंटे, ट्रैफिक जाम और आर्थिक दबाव मानसिक थकान पैदा करते हैं। शहरों में हरे-भरे क्षेत्रों की कमी भी एक बड़ा मुद्दा है, क्योंकि प्रकृति से संपर्क मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाता है। गरीबी और बेरोजगारी जैसे सामाजिक कारक पूर्व-मौजूदा जोखिमों को बढ़ाते हैं, विशेष रूप से युवाओं में। शहरीकरण के साथ लोगों का गांवों से शहरों की ओर पलायन बेहतर अवसरों की तलाश में होता है, लेकिन यहां का तनावपूर्ण वातावरण उन्हें मानसिक रूप से कमजोर बनाता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि नियमित व्यायाम, ध्यान और योग जैसे अभ्यास तनाव कम करने में मददगार हैं। सामाजिक संपर्क बढ़ाना, जैसे क्लब ज्वाइन करना या दोस्तों से मिलना, अकेलेपन को दूर करता है। शहरों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ानी चाहिए, जैसे किफायती काउंसलिंग सेंटर और हेल्पलाइन। कुल मिलाकर, बात ये है कि मेंटल हेल्थ एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। इसकी चपेट में डॉक्टर भी आ रहे हैं।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संकीर्णता अधर्म है विष है



संकलित
**दर्शन**

पानी छोटे से पोखर में भी पाया जाता है किन्तु वह प्रायः गन्दा और दुर्गन्ध पूर्ण होता है किन्तु सरोवर में पाया जाना वाला पानी स्वच्छ और अधिक उपयोगी होता है। पोखर छोटा और सरोवर विशाल होता है। मानव का मन भी प्रायः दो तरह का होता है। क्षुद्र और विशाल। क्षुद्र हृदय व्यक्ति बहुत सीमित दायरे में सोचता है। ऐसे व्यक्ति प्रायः कट्टर होते है वे औरों के प्रति असहनशील और ईर्ष्या ग्रस्त होते हैं। सरोवर की तरह उदार हृदय व्यक्ति विशाल दृष्टि कोण लेकर चलते हैं सहिष्णुता उनकी मुख्य विशेषता होती है। वे अपना ही नहीं सभी का अभ्युदय चाहते हैं। संकीर्ण मनोवृत्ति से दूर रहते हैं। ऐसे व्यक्ति समाज और मानवता के लिए वरदान स्वरुप होते हैं। धर्म मूलत, विशाल हृदयी व्यक्ति तैयार करने का काम करता है। मित्ति में सव्व भूएसु, सर्वे भवन्तु सुखिनः, वसुधैव कुटुम्बकम्-जैसे धर्म के मौलिक सूत्र है जिन में संकीर्णता का कोई नामो निशान नहीं है किन्तु जब से धर्म में संप्रदायें प्रबल हुई है। धर्म के स्वरुप को भी संकीर्ण बनाने का प्रयत्न किया जाने लगा। संकुचित मनोवृत्ति वाले व्यक्ति साम्प्रयादिकता के ज्यादा पक्ष घर बने रहे उन्होंने धर्म की सारी व्यवस्थाओं को कट्टरता और संकीर्णता के घेरे में बांध लिया। केवल हम और हमारा ये ही ठीक है शेष सभी व्यर्थ है। संकीर्णता की इस भावना ने धर्म की सार्वभौमिकता को तोड़ कर जन जन में भेद भाव की खाई खड़ी कर दी। अन्य धर्म संप्रदायों की बात छोड़िये।

## ईर्ष्यालु व्यक्ति सुखी-संपन्न नहीं देख सकता



संकलित
**प्रेरणा**

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है। बुढ़िया का मनोरथ पूरा करने का उनका कोई इरादा नहीं था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दुखदायी है आत्महत्या की घटना

कभी–कभी किसी घटना की ख़बर केवल एक व्यक्ति की मृत्यु नहीं होती, बल्कि वह पूरे समाज के भीतर छिपे हुए असंतुलन, दबाव और संवेदनहीनता का दर्पण बन जाती है। हरियाणा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वाई पूरन कुमार की आत्महत्या ऐसी ही एक घटना है, जो केवल पुलिस विभाग की त्रासदी नहीं, बल्कि उस मानसिक, प्रशासनिक और सामाजिक ढांचे की विफलता का प्रतीक है जिसमें पद और प्रतिष्ठा के बावजूद इनसान अकेला और असहाय महसूस करने लगता है। पूरन कुमार का शव चंडीगढ़ स्थित उनके घर के तहखाने में मिला, जहां बताया गया कि वह कमरा पूरी तरह ध्वनि–रोधक था। उनके पास से सरकारी पिस्तौल बरामद हुई। उनकी पत्नी अमनीत कौर एक भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी हैं, जो उस समय जापान में थीं। आत्महत्या की यह घटना दुखदायी है। *– पंकज सक्सेना, दुर्ग*

## ट्रेंड

### नतीजे उत्साहवर्धक



जब देशवासियों का जीवन अधिक से अधिक आसान बनाने की इच्छाशक्ति हो, तो नतीजे भी बहुत उत्साहवर्धक मिलते हैं। बीते 11 वर्षों में हमारी हवाई सेवा से जुड़ी इंडस्ट्री का विकास और विस्तार इसका बहुत बड़ा प्रमाण है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### क्वांट



पुरानी सरकारों ने पंजाब के घर-घर में नशा पहुँचाया, पंजाब की जवानी बर्बाद कर दी। अब भगवंत मान सरकार ने नशे के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया है। बड़े-बड़े तस्कर जेल में हैं। जो पंजाब में नशा बेचेगा, वो बख्शा नहीं जाएगा।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### जिले का नाम क्यों बदला



मैं सपा मुखिया अखिलेश यादव से पूछना चाहती हूं कि अगर मान्यवर कांशीराम साहब के प्रति इतना ही आदर सम्मान था तो आपने उनके नाम पर रखे जिले का नाम बदलकर कासगंज क्यों कर दिया?

**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### गेस्ट हाउस कांड



यूपी ही नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति में सपा शासन में गेस्ट हाउस कांड निहायत ही एक ऐसा काला धब्बा है जिसे सपा की लाल टोपी से ढका नहीं जा सकता और न ही उसे किसी प्रकार के मुशायरों से भुलाया जा सकता है।

**-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

## करंट अफेयर

# गाजा में 55,000 बच्चों के कुपोषित होने की आशंका

इजराइल और हमास के बीच दो साल से जारी युद्ध और भोजन की भारी कमी के कारण गाजा में पांच साल से कम उम्र के संभवतः 54,600 से ज्यादा बच्चे कुपोषण का शिकार हैं और इनमें से 12,800 से अधिक बच्चे गंभीर रूप से प्रभावित है। संयुक्त राष्ट्र के एक नये अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। फलस्तीनी शरणार्थियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं देने वाली संस्था 'यूएन रिलीफ एंड वर्क्स एजेंसी फॉर पैलेस्टाइन रिफ्यूजीज इन द नियर ईस्ट' के विश्लेषण के अनुसार, अगस्त की शुरुआत तक गाजा में छह महीने से लेकर पांच साल तक के लगभग 16 प्रतिशत बच्चे कुपोषण के एक जानलेवा रूप से पीड़ित थे। इस जानलेवा कुपोषण को 'अत्यधिक दुर्बलता' (वेस्टिंग) कहा जाता है।




इनमें से लगभग चार प्रतिशत बच्चे 'गंभीर दुर्बलता' का शिकार हैं।दुर्बलता (वेस्टिंग) के इलाज के लिए कई हफ्तों तक विशेष पोषण वाले भोजन की जरूरत होती है और कभी–कभी अस्पताल में भर्ती भी होना पड़ता है। लेखकों के अनुसार, बुधवार को 'द लैंसेट' पत्रिका में छपा यह अध्ययन इस इलाके में भुखमरी से पीड़ित बच्चों के संबंध में किया गया अब तक का सबसे व्यापक अध्ययन है। यह जनवरी 2024 से लेकर अगस्त के मध्य तक गाजा के दर्जनों स्वास्थ्य केंद्रों और चिकित्सा स्थलों पर लगभग 2,20,000 बच्चों की जांच पर आधारित था।

## ऑफ बीट

# बाथरूम की ये तीन चीजें बिल्कुल भी साझा न करें

कल्पना कीजिए कि आप घर से बाहर हैं, लेकिन अपना तौलिया, रेज़र या टूथब्रश पैक करना भूल गए हैं। क्या आपको दूसरों का यह सामान इस्तेमाल करना चाहिए? यहां बताया गया है कि इसकी आदत न डालना ही बेहतर है। सूक्ष्मजीव कुछ समय तक सक्रिय रह सकते हैं। बाथरूम में इस्तेमाल होने वाली वस्तुएं जैसे कि तौलिया, रेज़र और टूथब्रश पर लंबे समय तक जीवित रहने वाले रोगजनक बैक्टीरिया, वायरस और फफूंद मौजूद हो सकते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, ये सूक्ष्मजीव कपड़े, प्लास्टिक और धातु की सतहों पर कई दिनों से लेकर महीनों या वर्षों तक सक्रिय रह सकते हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एस्परजिलस नामक फफूंद का बैक्टीरिया कपड़े और प्लास्टिक पर एक महीने से अधिक समय तक जीवित रह सकता है, जबकि कुछ बैक्टीरिया वर्षों तक सक्रिय रह सकते हैं। कई वायरस सिरेमिक, धातु, कपड़े और प्लास्टिक जैसी सतहों पर घंटों से लेकर महीनों तक संक्रमण फैलाने में सक्षम रहते हैं। तौलिया साझा करना जोखिमपूर्ण अध्ययन बताते हैं कि उपयोग किए गए तौलिये को साझा करने से त्वचा के संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। अमेरिका में हाईस्कूल फुटबॉल खिलाड़ियों के एक समूह में स्टेफाइलोकॉकस ऑरियस (स्टैफ) के संक्रमण का प्रकोप सामने आया।



**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स–271018
ई–मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब–साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर
शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025
कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 25, अंक : 198
पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 4.00***
मौसम
अधि. 32.2
न्यून. 24.6
haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



करवा चौथ की मंगलकामनाएं

HONDA The Power of Dreams | How we move you. CREATE ▸ TRANSCEND, AUGMENT
The Honda Joy Fest
Bring Home a Honda, Bring Home Joy
*GET GST BENEFIT UP TO ₹14000/-
इंस्टैंट कैशबैक ₹5000/-* तक | लोन 100%* तक
कम ब्याज दर @6.99%* | कम EMI ₹49* प्रतिदिन
MyHonda-India Customer Connect App
अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें
डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें
*Terms and Conditions apply.
Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in


# 25 साल के इतिहास में पहली बार छग में डीजी कांफ्रेंस, लेकिन बड़ा सवाल- क्या प्रभारी डीजीपी शामिल हो पाएंगे?

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अगले माह नवंबर में देश भर के पुलिस महानिदेशकों की कांफ्रेस होने वाली है। राष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में देश भर के डीजी शामिल होंगे, लेकिन इसे लेकर एक सवाल ये उठ रहा है कि क्या छत्तीसगढ़ के डीजीपी अरुण देव गौतम इसमें शामिल हो पाएंगे? दरअसल, ये सवाल इसलिए भी उठ रहा है क्योंकि श्री गौतम राज्य के प्रभारी डीजीपी हैं। अभी पूर्णकालीक डीजीपी की नियुक्ति नहीं हो सकी है। यूपीएससी की एक महत्वपूर्ण बैठक में उनकी एंट्री इसलिए नहीं हो सकी थी क्योंकि वे प्रभारी डीजीपी हैं। छत्तीसगढ़ के 25 साल इतिहास में यह पहला अवसर है जब यहां राष्ट्रीय स्तर पर डीजी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। खास बात ये है कि इस कांफ्रेस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे। इनके साथ ही देश के सभी राज्यों के डीजी भी हिस्सा लेंगे।



- यहां पूर्णकालीक डीजीपी की नियुक्ति नहीं हो सकी है, प्रभारी डीजी को एक उच्च स्तरीय बैठक में नहीं मिली थी एंट्री

## डीजी गौतम को लेकर सवाल इसलिए

डीजी कांफ्रेस में राज्य के प्रभारी डीजी के शामिल होने या न होने को लेकर सवाल इसलिए खड़े हो रहे हैं क्योंकि कुछ समय पहले ही उन्हें एक उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होने से रोका गया था। बताया गया है कि राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को आईपीएस अवार्ड देने के सिलसिले में दिल्ली में यूपीएससी कमेटी की एक बैठक रखी गई थी। इस बैठक में यूपीएससी के नियम के तहत राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव, और डीजीपी को शामिल होना था। लेकिन बताया गया है कि छत्तीसगढ़ के डीजी इस बैठक में शामिल नहीं हो पाए। इसके पीछे ये वजह बताई कई कि प्रभारी डीजी हैं, इसलिए उन्हें अनुमति नहीं होगी। यही कारण है कि अब ये सवाल उठ रहा है कि प्रभारी होने के कारण क्या अरुणदेव गौतम डीजी कांफ्रेस में शामिल नहीं हो पाएंगे।

## दो नामों को हरी झंडी, पर आदेश नहीं


अरुण देव गौतम


हिमांशु गुप्ता

इधर छत्तीसगढ़ में राज्य के पुलिस महानिदेशक( डीजीपी) के पद पर पूर्णकालिक नियुक्ति कुछ महीनों से नहीं हो पाई है। छत्तीसगढ़ में डीजीपी अशोक जुनेजा का कार्यकाल खत्म होने के बाद राज्य शासन ने 1992 बैच के आईपीएस अरुण देव गौतम को प्रभारी डीजीपी के पद पर नियुक्त किया। डीजीपी पद के लिए हुई डीपीसी के बाद यूपीएससी ने चार नामों के पैनल में दो नामों को हरी झंडी दी थी। इनमें अरुण देव गौतम के अलावा 1994 बैच के हिमांशु गुप्ता का नाम शामिल था। दोनों में से एक नाम पर राज्य सरकार को आदेश जारी करना है, लेकिन अब तक आदेश नहीं होने के कारण पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्त नहीं हो पाई है। यह संभावना भी है कि डीजी कांफ्रेस के पहले राज्य में नए डीजीपी की नियुक्ति हो जाए। जो भी अधिकारी इस पद पर पदस्थ होंगे वे पूर्णकालिक होंगे और अपने इस अधिकार के साथ वे डीजी कांफ्रेस का हिस्सा बनेंगे।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### क्रिकेटर रिंकू को मिली अंडरवर्ल्ड से धमकी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी अलीगढ़ के रिंकू सिंह को अंडरवर्ल्ड से धमकी देने का मामला सामने आया है। छह माह पहले उनकी प्रमोशनल टीम को मैसेज भेजकर पांच करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। मुंबई क्राइम ब्रांच ने दो लोगों को गिरफ्तार करके इसका खुलासा किया है।

### कार-वैन की टक्कर में चार की मौत

**महू।** मप्र के इंदौर जिले में एक कार और वैन की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। चार मृतकों में से तीन की पहचान महू के मानपुर निवासी पलक (34), पड़ोसी धार निवासी कमलेश (20) और रवींद्र के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच कर रही है।

### दिल्ली-लंदन मार्ग पर अतिरिक्त दैनिक उड़ान

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया 26 अक्टूबर से राष्ट्रीय राजधानी से लंदन के लिए एक अतिरिक्त उड़ान सेवा शुरू करेगी। इससे उच्च मांग वाले इस मार्ग पर उसकी साप्ताहिक उड़ानों की संख्या 28 हो जाएगी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली कंपनी वर्तमान में दिल्ली-लंदन मार्ग पर 24 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करनी हैं, जिनमें तीन उड़ानें तदर्थ आधार पर हैं।



बारिश ने खेतों को तालाब में तब्दील कर दिया



माड़मसिल्ली बांध के लबालब होने से डूब क्षेत्र के 15 गांव की सैकड़ों हेक्टेयर फसल पर खतरा मंडरा रहा

# बार बार हो रही मूसलाधार में डूबी धान की बालियां, सब्जियों के खेतों में भी भरा पानी

हरिभूमि लाइव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ भिलाई-धमधा/ धमतरी

बीते कुछ दिनों में हुई तेज बारिश ने फसलों को खासा नुकसान पहुंचाया है। स्थिति यह है कि अनाज, सब्जी और फलों की खेती बुरी तरह प्रभावित हुई है। हरिभूमि ने प्रदेश के धमतरी, गरियाबंद, भिलाई में खेती किसानी का मुआयना किया, तो यह तथ्य निकलकर सामने आया है कि तैयार होने की स्थिति पर पहुंच चुकी धान की फसल की बालियां खेतों पर बिछ गई है और यह खराब हो रही हैं। इसी प्रकार धमतरी के माड़मसिल्ली बांध के लबालब होने से डूब क्षेत्र के 15 गांव की सैकड़ों हेक्टेयर फसल पर खतरा मंडरा रहा है।

गरियाबंद जिले में बीते दो दिनों से हुई मूसलाधार बारिश ने खेतों को तालाब में तब्दील कर दिया है। यहां छुरा, मैनपुर, फिंगेश्वर और देवभोग, गरियाबंद ब्लॉक के कई गांवों में धान की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। किसानों का कहना है कि यह राहत नहीं, बल्कि तबाही की बारिश साबित हो रही है। खरीफ़ सीजन की मुख्य फसल धान इस समय पकने की अवस्था में है। हारूना किस्म के धान में बालियां निकल आई हैं, लेकिन लगातार हो रही बारिश और जलभराव से खेतों में खड़ी फसल सड़ने लगी है। किसानों ने बताया कि खेतों में चार से छह इंच तक पानी भरा हुआ है, जिससे फसल पूरी तरह डूब चुकी है। वहीं, ग्राम चिखली मालगांव बारूका पोंड पाण्डुका, कोपरा, और अमलीपदर क्षेत्र के किसानों ने ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 40 प्रतिशत फसल प्रभावित

*इन दिनों रोजाना बेतहाशा बारिश होने से दुर्ग-भिलाई के धमधा इलाके में फसल चौपट हो रही है। खेतों में अत्यधिक पानी भर जाने से और लगातार बारिश होने से धान की फसले लेट गई हैं, जिससे धान में लगी बालियां सड़ने लगी हैं। लगातार चल रहे बारिश के चलते कई किसान ऐसे हैं, जिनकी धान की फसल तैयार होने की कगार में है, लेकिन बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही है। किसान नेता बाबा* ▶▶|शेष पेज 6 पर

### सब्जी और फलों को भी नुकसान

दुर्ग के जाताघर्रा, कन्हारपुरी, करेली, हीरेतरा, बरहापुर, डोडकी जैसे कई गांव में टमाटर की पैदावार बड़े पैमाने पर किसानों द्वारा की जाती है। ज्यादा बारिश के चलते टमाटर की तैयार फसल भी खराब होने लगी है। वैसे ही क्षेत्र में केला-पपीता की भी खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। लगातार बारिश के चलते केला और पपीता की फसल भी नुकसान की स्थिति में है।



### पानी में डूबने से सैकड़ों हेक्टेयर फसल पर मंडराया खतरा

धमतरी के माड़मसिल्ली बांध के लबालब होने से डूब क्षेत्र के 15 गांव की सैकड़ों हेक्टेयर फसल पर खतरा मंडरा रहा है। मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे प्रभावित किसानों ने कलेक्टर से बांध का पानी तीन फीट कम करने की गुहार लगाई है। माड़मसिल्ली बांध डुबान क्षेत्र के किसान जितेंद्र सोरी, कृपा मंडावी, रंजीत सोरी, चिंताराम ने बताया कि माड़मसिल्ली डूब क्षेत्र के अंतर्गत चनागांव, छिंदभर्री, अमलीपारा, माड़मसिल्ली, सियारीनाला, झीपाटोला, बीजापुर, हितली, बगरूमनाला, फुड़हरछाप, बारकोन्हा, बेन्द्रापानी, हर्राकोठी, रायपारा, नाथुकोन्हा गांव आते हैं। डुबान क्षेत्र के सैकड़ों किसान डूब प्रभावित जमीन को लीज में लेकर सैकड़ों हेक्टेयर रकबे पर खेती किसानी करते हैं। माड़मसिल्ली बांध के शत प्रतिशत भरने तथा पानी की आवक तेज होने के कारण पकी हुई धान की फसल डूबने लगी है। इससे फसल गलने सड़ने लगी है। धान कटाई का समय हो गया है, लेकिन पानी की आवक लगातार होने और माड़मसिल्ली बांध के भर जाने से फसलें खराब हो रही हैं। डूब क्षेत्र के कास्तकार किसान लखनलाल, सुरेंद्रकुमार, संतोष सोरी, श्रवण, घनाराम, महेश्वर कहते हैं ▶▶|शेष पेज 6 पर

केंद्र का बड़ा एक्शन, कंपनी डॉयरेक्टर गिरफ्तार


# खांसी की दवा बनाने वाली कंपनियों का होगा ऑडिट

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/भोपाल

मध्य प्रदेश और राजस्थान में अपनी कंपनी द्वारा निर्मित दूषित कफ सिरप पीने से हुई बच्चों की मौत के मामले में वांछित श्रीसन दवा कंपनी के 75 वर्षीय मालिक गोविंदन रंगनाथन को गुरुवार तड़के चेन्नई के कोडंबक्कम स्थित उसके अपार्टमेंट से मप्र पुलिस की एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया गया।

रंगनाथन पर 20 हजार रुपए का इनाम था। जी रंगनाथन की गिरफ्तारी मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में स्थानीय स्तर पर वितरित कफ सिरप, कोल्ड्रिफ के सेवन से कई बच्चों की मौत के कुछ दिनों बाद हुई है। पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र जाट के नेतृत्व में मध्य प्रदेश पुलिस की सात सदस्यीय टीम ने रंगनाथन को कोडंबक्कम स्थित अशोक नगर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत उसके आवास से गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि उसे रात करीब 12:30 बजे हिरासत में लिया गया और बाद में कांचीपुरम जिले ले जाया गया, जहां उनकी दवा कंपनी, श्रीसन फार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरर स्थित है।



### सीएम यादव ने कहा- दोषियों को नहीं बख्शेंगे

मप्र में कोल्ड्रिफ कफ सिरप के सेवन से 22 बच्चों की मौत के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दोषियों के खिलाफ "कड़ी कार्रवाई" की चेतावनी दी। यादव ने कहा कि उनकी सरकार बच्चों की जान से खिलवाड़ करने वालों को नहीं बख्शेगी।

### डब्ल्यूएचओ को औषधि नियामक ने दिया जवाब

केंद्रीय औषधि नियामक सीडीएससीओ ने विश्व स्वास्थ्य संगठन को सूचित किया है कि तीन कफ सिरप - कोल्ड्रिफ, रेस्पिफ्रेश टीआर और रीलाइफ - को वापस मंगाया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका पर आज सुनवाई

बच्चों की मौत के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट सहमत हो गया। अदालत ने दवा सुरक्षा तंत्र में जांच और व्यवस्थागत सुधार की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने का फैसला किया है।

### श्रीसन फार्मा के मालिक गिरफ्तार



इधर, तमिलनाडु स्थित को मिलावटी कफ सिरप मामले में मध्य प्रदेश पुलिस ने चेन्नई पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया। मध्य प्रदेश पुलिस और चेन्नई पुलिस की कई टीम ने कंपनी के मालिक रंगनाथन का पता लगाने और उसे पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया था। उनकी कंपनी द्वारा निर्मित 'कोल्ड्रिफ' कफ सिरप को कई राज्यों में बच्चों की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। पुलिस के अधिकारी ने बताया कि मध्यरात्रि को चलाए गए अभियान के बाद रंगनाथन को हिरासत में लिया गया।

पीडब्ल्यूडी के पूर्व चीफ इंजीनियर के घर छापा

# 26 लाख कैश, ढाई किलो सोना और 17 टन शहद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजधानी में पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) के पूर्व चीफ इंजीनियर गोविंद प्रसाद (जीपी) मेहरा के भोपाल स्थित मणिपुरम आवास पर गुरुवार सुबह लोकायुक्त की टीम ने छापा मारा। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के तहत की गई है। लोकायुक्त को घर से 26 लाख रुपए कैश मिला है। इसके साथ ही ढाई किलो सोना बरामद किया है। 17 टन शहद भी मिला है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### कई ठिकानों पर दबिश

मणीपुरम कालोनी में स्थित जीपी मेहरा के निवास ए-6 में छापा कार्यवाही के दौरान नगद लगभग 826 लाख 79 हजार रुपए, सोना चांदी के जेवर कीमती लगभग 50 लाख, फिक्स डिपॉजिट 56 लाख की जानकारी एवं अन्य सामान कीमत लगभग 60 लाख की जानकारी एवं प्रॉपर्टी से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। केटी इंडस्ट्रीज, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल में पीवीसी पाइप आदि बनते हैं। यह फैक्ट्री मेहरा की है। छापे के दौरान फैक्ट्री से संबंधित उपकरण, कच्चा माल एवं तैयार माल मिला है। इसी के साथ फैक्ट्री से प्रॉपर्टी से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। केटी इंडस्ट्रीज में रोहित मेहरा ▶▶|शेष पेज 6 पर

**परिवार के सदस्यों से भी हुई पूछताछ-** एसपी लोकायुक्त दुर्गेश राठौर ने बताया कि जीपी मेहरा ने संपत्ति स्वयं तथा पारिवारिक सदस्यों के नाम पर ली है। भोपाल शहर, ग्राम सैनी, तहसील सोहागपुर एवं नर्मदापुरम शहर में कई करोड़ की नामी व बेनामी अचल संपत्तियां क्रय कर निर्माण कराया गया है। गोविंद प्रसाद मेहरा सेवानिवृत्त इंजीनियर-इन-चीफ, लोक निर्माण विभाग, भोपाल, मप्र के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही करते हुए धारा 13(2) सहपठित 13(1)बी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।


अजन्ता AJANTA
fssai ISO 22000 IS:5346
ESTD. 1949
AJANTA BAKING POWDER
Food Color Preparation Baking Powder, Custard Powder, Drinking Chocolate & Flavours
www.ajantafoodproducts.com



सोनालीका हैवी ड्यूटी धमाका
15 551 उपहार
पूरे देश को जीतने का मौका लकी ड्रा द्वारा
SONALIKA HEAVY DUTY TRACTOR RANGE
डबल बचत ऑफर + GST का फायदा उठाएं
और भी ढेरों उपहार
सभी ट्रैक्टर रेंज पर ₹18 000.- ₹80 000. तक की GST बचत
DI 55 III डबल बचत* ₹1 11 000. ₹7 58 900. *नई GST दर 5% के साथ
DI 730 III डबल बचत* ₹66 100. ₹4 43 900. *नई GST दर 5% के साथ
DI 42 पॉवर स्टीयरिंग | ड्यूल क्लच डबल बचत* ₹78 100. ₹6 31 900. *नई GST दर 5% के साथ
मिस्ड कॉल: 9672818444

# 97 प्रतिशत शासकीय सेवकों का ई-केवाईसी, अब भी 7967 कर्मचारियों नहीं कराया

## 2 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों का अता-पता नहीं, सभी विभागों को समयसीमा में पूरा कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवकों को ई-केवाईसी कराना शासन के निर्देशानुसार अनिवार्य किया गया है। यह प्रक्रिया मार्च से शुरू की गई थी। 6 माह का समय कर्मचारियों को दिया गया था। अंतिम तिथि खत्म होने के बाद अब भी 7967 शासकीय कर्मचारियों ने अपना ई-केवाईसी नहीं कराया। इनमें स्कूल शिक्षा, गृह, स्वास्थ्य और राजस्व विभाग के कर्मचारी शामिल हैं। संचालनालय कोष एवं लेखा ने कर्मचारियों की प्रोफाइल एम्पलाय कार्नर एप में अद्यतन करने का आदेश जारी किया था। अब तक 2.12 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों ने ये काम नहीं कराया है।

प्रदेश के विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत कर्मचारियों में से 2.12 प्रतिशत ने अब तक ई-केवाईसी (नो योर कस्टमर) अपडेट नहीं कराया है। वित्त विभाग की ओर से सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का ई-केवाईसी अपडेट कराकर उसकी जानकारी समय पर संबंधित ट्रेजरी कार्यालय को भेजें। साथ ही सभी कर्मचारियों से समय रहते केवाईसी प्रक्रिया पूरी कराने की अपील की गई है, ताकि सैलरी भुगतान में किसी प्रकार की बाधा न आए। साथ ही ऐसे कर्मचारी, जिनका सेवा से त्याग, मृत्यु, प्रतिनियुक्ति और लंबे समय से अनुपस्थित या अन्य कारणों से ई-केवाईसी नहीं हो पाया है। विभागध्यक्षों से इसके संबंध में जानकारी मांगी गई है।

गौरतलब है कि केवाईसी अपडेट करने के लिए कर्मचारियों को पहले 24 अप्रैल तक का समय दिया गया था। इसके बाद संचालक कोष एवं लेखा संचालनालय ने 15 दिन की अतिरिक्त मोहलत भी दी थी। इसके बाद तारीख बढ़ती रही, संचालक कोष एवं लेखा सेवा पद्मिनी भोई ने बताया कि अब तक 97 प्रतिशत कर्मचारियों ने ही प्रक्रिया पूरी की है। वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि समय रहते ई-केवाईसी नहीं कराए जाने पर संबंधित कर्मियों के वेतन भुगतान में रुकावट आ सकती है। सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण कराएं।

### स्कूल शिक्षा और गृह विभाग में लंबित

बताया गया है कि अंतिम तारीख खत्म होने के बाद राज्य के 3,82,021 शासकीय सेवकों में 376572 ने अपना ई-केवाईसी कराया है। अभी 368480 के ई-केवाइसी एप्रूव किए जा चुके हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के 2778, गृह विभाग के 1172, स्वास्थ्य विभाग के 826, राजस्व विभाग में 351 शासकीय सेवकों ने ई-केवाईसी नहीं कराया है।

## सांवंत बनीं विधि विभाग की प्रमुख सचिव

**रायपुर।** सुषमा सावंत को प्रतिनियुक्ति पर विधि विभाग में भेजा गया है। वे राजनांदगांव में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर कार्यरत थीं। सामान्य प्रशासन विभाग ने उनकी सेवाएं विधि विभाग को सौंपी हैं। उन्हें विधि विभाग में प्रमुख सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है।




# बिहार चुनाव में जाएंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक और भाजपा नेता भी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

बिहार में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से लेकर प्रदेश के मंत्रियों, विधायक, सांसदों से लेकर भाजपा के कई नेता प्रचार करने जाएंगे। यहां के नेताओं को वहां की विधानसभाओं की जिम्मेदारी भी मिलेगी।

## राष्ट्रीय संगठन से निर्देश मिलते ही प्रदेश के नेता होंगे रवाना

प्रदेश के नेताओं को बिहार चुनाव में जाने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से निर्देश का इंतजार है। वहां से निर्देश आने के बाद तय होगा कि यहां से कितने नेता जाएंगे। प्रदेश के कई बड़े नेता वहां पर प्रचार भी करने जाएंगे। चुनाव का ऐलान होने से पहले प्रदेश का महिला और एसटी मोर्चा वहां का दौरा कर चुका है।

बिहार के विधानसभा चुनावओं का ऐलान हो चुका है, वहां पर दो चरणों में चुनाव होगा। इस चुनाव में भी हमेशा की तरह भाजपा कई राज्यों के नेताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी देगी। प्रदेश के भाजपा नेताओं को भी वहां जाने का मौका मिलेगा, लेकिन अभी तय नहीं है कि बिहार चुनाव में किन-किन नेताओं को जाना है। भाजपा नेताओं का कहना है कि दिल्ली से प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के पास निर्देश आएंगे, इसके बाद यहां पर टीमें बनेंगी और तय होगा कि कौन-कौन कब जाएगा। दोनों चरणों के चुनाव के लिए अलग-अलग टीमें वहां जाएंगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रदेश की भाजपा सरकार के कुछ मंत्रियों को भी वहां पर प्रचार का जिम्मा मिल सकता है। चुनाव का ऐलान होने से पहले प्रदेश की महिला मोर्चा की टीम जहां बिहार में दस दिनों का दौरा करके आई है, वहीं एसटी मोर्चा का भी एक दल दस दिनों तक वहां पर विधानसभा में जाकर आया है।






## खबर संक्षेप

### रुपया चार पैसे टूटकर 88.79 प्रति डॉलर पर




**मुंबई।** डॉलर की मज़बूत मांग और भारत-अमेरिका के बीच चल रहे व्यापारिक तनाव के कारण निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित रहने से रुपया मामूली नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करते हुए अपने सर्वकालिक निचले स्तर के आसपास मंडराता रहा, अंत में चार पैसे की गिरावट के साथ 88.79 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

### एलिस्टा ने वॉटर प्यूरीफायर बाजार में किया प्रवेश




**नई दिल्ली।** टेक्नोडोम समूह की इकाई एलिस्टा, जो उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरण ब्रांड क्षेत्र में काम करती है, ने वॉटर प्यूरीफायर खंड में प्रवेश की घोषणा की। इस खंड में हाल के वर्षों में तेज़ वृद्धि देखी जा रही है। कंपनी के अनुसार, इसने 'अमृत'' और 'शुद्ध'' - दो एल्कलाइन वॉटर प्यूरीफायर पेश किए हैं, जो लक्जरी और आधुनिक रसोई के पूरक हैं।

### अमेजन इंडिया पर खरीदी जा सकेगी रॉयल एनफील्ड




**नई दिल्ली।** प्रीमियम मोटर साइकिल बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड की 350 सीसी की सभी मोटरसाइकिल अब ऑनलाइन ई-कॉमर्स मंच अमेजन से खरीदी जा सकेंगी। कंपनी ने बयान में कहा कि फिलहाल पांच प्रमुख शहरों अहमदाबाद, चेन्नई, हैदराबाद, दिल्ली और पुणे के ग्राहकों के लिए ही यह सेवा शुरू की गई है।

### ईडी ने रेलिगेयर के पूर्व मुखिया पर लगाया आरोप



**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड की पूर्व कार्यकारी चेयरपर्सन रश्मि सलूजा के खिलाफ 179.54 करोड़ रुपये के ईएसओपी घोटाले में आरोपपत्र दायर कर दिया है। जांच एजेंसी ने सलूजा को इस साजिश का मुख्य रचनाकार बताते हुए कहा है कि सह-आरोपियों के साथ मिलकर इस घोटाले को अंजाम दिया गया।

### भारत में गुणवत्ता वाली सेवा देने स्टारलिंक उत्साहित : अधिकारी




**नई दिल्ली।** स्टारलिंक भारत में उपग्रह संचार पर आधारित ब्रॉडबैंड सेवा शुरू करने को लेकर उत्साहित है और वह एक सुरक्षित, नियमों के अनुरूप और उच्च गुणवत्ता वाली ब्रॉडबैंड सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। स्टारलिंक भारत में इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रही है कि जो यह विकल्प अपनाने वाले भारतीयों को सुरक्षित और बेहतरीन अनुभव प्रदान किया जा सके।

### सलमान ने जेराई फिटनेस के साथ निपटाया मामला

**नई दिल्ली।** अभिनेता सलमान खान ने 7.24 करोड़ रुपये से अधिक के विवाद का निपटान करने के बाद, जेराई फिटनेस के खिलाफ राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण में दायर अपनी दिवाला याचिका वापस ले ली है। सलमान खान के वकील ने एनसीएलएटी के समक्ष कहा कि सहमति की शर्तों के अनुसार डिमांड ड्राफ्ट उन्हें सौंप दिया गया है उन्होंने अपील वापस लेने की अनुमति देने का आग्रह किया। चेयरपर्सन न्यायमूर्ति अशोक भूषण और सदस्य अरुण बरोका की दो सदस्यीय पीठ ने सलमान खान और जेराई फिटनेस के बीच हस्ताक्षरित सहमति की शर्तों को रिकॉर्ड में लिया और बॉलीवुड अभिनेता को अपनी अपील वापस लेने की अनुमति दे दी।

# गोल्ड 'ईटीएफ' में भारत बना एशिया में नंबर वन, सितंबर में रिकॉर्ड रहा इनफ्लो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के गोल्ड ईटीएफ ने सितंबर में कमाल कर दिया। सोने के ये एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स यानी ईटीएफ ने पिछले महीने रिकॉर्ड 902 मिलियन डॉलर यानी करीब 7600 करोड़ रुपए का इनफ्लो हुआ है।

■ ये लगातार चौथा महीना जब रिकॉर्ड इनफ्लो हुआ

ये आंकड़ा अगस्त के मुकाबले 285 फीसदी ज्यादा है, और ये लगातार चौथा महीना है जब इनमें इनफ्लो अधिक रहा है। ये एशिया में अब तक का सबसे ऊंचा रिकॉर्ड है। उसके मुकाबले ये 285 फीसदी का उछाल है-यानी अगर अगस्त में 235 मिलियन डॉलर आया था, तो सितंबर ने उसे तीन गुना से ज्यादा कर दिया।

## ईटीएफ ने पिछले महीने रिकॉर्ड 7600 करोड़ रुपए का हुआ इनफ्लो

### क्या है गोल्ड ईटीएफ?

ये ऐसे फंड्स हैं जो सोने की कीमतों पर आधारित होते हैं। आप सीधे सोना खरीदने की बजाय स्टॉक एक्सचेंज पर इनके यूनिट्स खरीद लेते हैं। कोई लॉकर की टेंशन नहीं, कोई चोरी का डर नहीं, बस ऐप या ब्रोकर के जरिए ट्रेड करो। लोग महंगाई से बचने के लिए सोने को सेफ इनवेस्टमेंट मान रहे हैं। ग्लोबल अनिश्चितताएं, जैसे जियोपॉलिटिकल टेंशन या करेंसी की अस्थिरता, सब सोने को चमका रही हैं।




### भारत में रिकॉर्ड तोड़ गोल्ड ईटीएफ में निवेश

भारत के गोल्ड ईटीएफ ने सितंबर में अब तक का सबसे ज्यादा पैसा जुटाया, जिससे भारत को एशिया में पहला स्थान मिला है। ये निवेशकों की सोने के प्रति बढ़ती चाहत को भी दिखाता है। भारत के गोल्ड ईटीएफ में इस साल अब तक का निवेश रिकॉर्ड तोड़ चुका है। साल 2025 के जनवरी से लेकर अब तक, यानी ईयर-टू-डेट, इन फंड्स में 2.18 बिलियन डॉलर यानी करीब 18,094 करोड़ रुपए का इनफ्लो हो चुका है। ये अब तक किसी भी एक साल का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। तुलना करें तो 2024 में पूरे साल में 1.29 बिलियन डॉलर यानी लगभग 10,707 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था। 2023 में ये सिर्फ 310 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,573 करोड़ रुपये था, और 2022 में तो महज 33 मिलियन डॉलर यानी 274 करोड़ रुपये ही आया था। ये आंकड़े दिखाते हैं कि भारतीय निवेशकों का सोने पर भरोसा तेजी से बढ़ रहा है।

### *गोल्ड ईटीएफ में 2.1 बिलियन डॉलर का निवेश*

*पूरे एशिया में गोल्ड ईटीएफ में 2.1 बिलियन डॉलर करीब 17,700 करोड़ रुपए का निवेश आया, जिससे तिमाही का अंत अच्छे नोट पर हुआ। सबसे ज्यादा योगदान चीन का रहा, जहां 622 मिलियन डॉलर यानी लगभग 5,200 करोड़ रुपए का इनफ्लो हुआ। जापान में 415 मिलियन डॉलर करीब 3,500 करोड़ रुपए का इनफ्लो हुआ।*

### *जर्मनी ने 6800 करोड़ रुपए का इनफ्लो बनाया*

*दुनिया भर में सोने के ईटीएफ में अच्छा-खासा निवेश हुआ है। जर्मनी ने सबसे आगे रहते हुए 811 मिलियन डॉलर यानी करीब 6,800 करोड़ रुपए का इनफ्लो रिकॉर्ड किया। कनाडा ने 301 मिलियन डॉलर यानी लगभग 2,500 करोड़ रुपए डाले है। इटली ने 234 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,000 करोड़ रुपए का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 182 मिलियन डॉलर यानी 1,500 करोड़ रुपए और साउथ कोरिया ने 165 मिलियन डॉलर यानी 1,400 करोड़ रुपए का निवेश किया।*

## टीसीएस के अधिकारी ने कहा, एक प्रतिशत को नौकरी से हटाया गया

# टीसीएस से 6,000 कर्मचारियों को निकाला गया, बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए जा रहे आंकड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ प्रतिशत के हिसाब से यह आंकड़ा 6000 कर्मचारियों का होता है

■ आशंका जताई जा रही कि 50 हजार से 80 हजार की छंटनी की जा रही

■ दूसरी तिमाही में कर्मचारियों की संख्या 5,93,314 होने की सूचना दी है

देश की प्रमुख आईटी सेवा कंपनी टीसीएस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत अपने कुल कार्यबल का एक प्रतिशत यानी 6,000 लोगों को नौकरी से हटाया है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सुदीप कुन्नुमल ने यह भी कहा कि इस बारे में आंकड़ों को काफी बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है।

अधिकारी ने ऐसे आंकड़ों पर ध्यान नहीं देने का आग्रह किया। यह पूछे जाने पर कि 50,000 से 80,000 लोगों की छंटनी की आशंका जतायी जा रही है, कुन्नुमल ने कहा, ये आंकड़े तथ्यात्मक रूप से सही नहीं हैं। इसे बेहद बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है और इसपर ध्यान देने की जरूरत नहीं है।

### पहली तिमाही में संख्या 6,13,069 थी

इस बीच, आईटी कर्मचारियों के संघ, नैसेंट इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सीनेट (एनआईटीईएस) ने एक बयान में कहा कि टीसीएस ने आधिकारिक तौर पर वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में कर्मचारियों की संख्या 5,93,314 होने की सूचना दी है, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में यह संख्या 6,13,069 थी। संगठन ने कहा, ''यह सिर्फ एक तिमाही में 19,755 कर्मचारियों की कमी को बताता है।''

### लगभग 12,261 कर्मचारियों की छंटनी की योजना

अधिकारी ने कहा कि टीसीएस दुनिया की सबसे बड़ी एआई-आधारित तकनीकी सेवा कंपनी बनना चाहती है। टीसीएस ने इस साल जुलाई में कहा था कि वह इस वर्ष अपने वैश्विक कार्यबल के लगभग दो प्रतिशत यानी 12,261 कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही है, जिनमें से अधिकांश मध्यम और वरिष्ठ स्तर के होंगे।




*40,000 से अधिक नियुक्तियों का लक्ष्य : यह पूछे जाने पर कि क्या टीसीएस वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 40,000 से अधिक नियुक्तियों के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेगी (जैसा कि जुलाई में उल्लेख किया गया है) या वैश्विक बाजार की स्थितियों को देखते हुए संख्या को संशोधित किया गया है, उन्होंने कहा, ''मैं आपको कोई संख्या नहीं देना चाहता...कारोबार की मांग के आधार पर, हम अपने संगठन की यात्रा को आकार देने के लिए अच्छी प्रतिभा लाने का प्रयास करेंगे।'*

**समाप्त तिमाही में 18,500 की नियुक्ति की गई**

अधिकारी ने कहा कि कंपनी ने अभी-अभी समाप्त हुई तिमाही में 18,500 लोगों को नियुक्त किया है। जो भी प्रस्ताव दिये गये हैं, उन सभी प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया गया है। कुन्नुमल ने कहा, ''एक संगठन के रूप में, हम सभी प्रस्तावों को स्वीकार करते रहेंगे। जहां तक कैंपस से आने वाले प्रस्तावों की बात है, कंपनी सही रास्ते पर है।

### कंपनी का लाभ दूसरी तिमाही में बढ़कर 12,075 करोड़ रुपए

टीसीएस का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 1.4 प्रतिशत बढ़कर 12,075 करोड़ रुपए रहा। विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा खंड में व्यापक वृद्धि के कारण कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 11,909 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया था।

### परिचालन राजस्व में बढ़ोतरी

टीसीएस ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 2.39 प्रतिशत बढ़कर 65,799 करोड़ रुपये हो गया जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 64,259 करोड़ रुपये था। तिमाही आधार पर लाभ में 5.3 प्रतिशत की गिरावट आई, हालांकि राजस्व में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# चांदी 6,000 रुपए बढ़कर 1.63 लाख रुपए के नए शिखर पर



■ विदेशी बाजारों में पहली बार चांदी 50 डॉलर प्रति औंस के स्तर को छू गई

■ आर्थिक अनिश्चितता और फेड की ब्याज दर में कटौती की उम्मीद से मांग बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 6,000 रुपये बढ़कर 1,63,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गईं। विदेशी बाजारों में पहली बार चांदी 50 डॉलर प्रति औंस के स्तर को छू गई। मजबूत औद्योगिक मांग, भू-राजनीतिक, आर्थिक अनिश्चितताओं और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों ने चांदी की मांग को बढ़ावा दिया है। एक सप्ताह में दूसरी बार चांदी में इतनी तेज उछाल देखा गया। छह अक्टूबर को यह 7,400 रुपये चढ़कर 1,57,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, बुधवार को चांदी 1,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को क्रमशः 1,26,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 1,26,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर अपरिवर्तित रहा। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना मामूली गिरावट के साथ 4,039.26 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

*इस साल अब तक 72 फीसदी का उछाल : पीएल वेल्थ के उत्पाद एवं पारिवारिक कार्यालय प्रमुख राजकुमार सुब्रमण्यन ने कहा, ''चांदी का मनोवैज्ञानिक रूप से महत्वपूर्ण 50 डॉलर प्रति औंस की सीमा को पार करना कीमती धातु बाजारों के लिए एक निर्णायक क्षण है।''*

### तंग भौतिक बाजार ने चांदी की कीमतों को दिया सहारा

इस बीच, बाजारों को फ्रांस में नए सिरे से राजनीतिक उथल-पुथल और जापान में नेतृत्व परिवर्तन का सामना करना पड़ा। इसके अतिरिक्त, तंग भौतिक बाजार ने भी चांदी की कीमतों को सहारा दिया, जिसे सौर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्रों से मजबूत औद्योगिक मांग का समर्थन मिला। सिल्वर इंस्टिट्यूट ने वर्ष 2025 में लगातार पांचवें वर्ष वैश्विक आपूर्ति घाटे का अनुमान लगाया है।

# वर्ष 2031 तक दलहन उत्पादन में 40 फीसदी की वृद्धि का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ सरकार ने इसे 350 लाख टन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने फसल वर्ष 2030-31 तक दलहन उत्पादन में 40 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 350 लाख टन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के मकसद से 11,440 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ एक छह वर्षीय केंद्रीय योजना को मंजूरी दी 'दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन' वर्ष 2025-26 से वर्ष 2030-31 तक की अवधि के लिए होगा। यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, मंत्री ने कहा कि अगले छह वर्षों में दलहन उत्पादन में वृद्धि की जाएगी, जिसमें कवरेज क्षेत्र में वृद्धि के साथ-साथ फसल उत्पादकता में भी वृद्धि की जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि लक्ष्य पूरा हो जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए दालों के आयात शुल्क से संबंधित उचित निर्णय लेगी। चौहान ने कहा कि सरकार ने ऐसे 100 ब्लॉक की पहचान की है जहां उत्पादकता, राष्ट्रीय औसत की तुलना में बहुत कम है।

### मांग को पूरा करने दालों का आयात किया जा रहा

देश को घरेलू मांग को पूरा करने के लिए बड़ी मात्रा में दालों का आयात करना पड़ता है। मंत्री ने कहा कि दलहन मिशन का उद्देश्य उत्पादन को बढ़ावा देना और भारत को आत्मनिर्भर बनाना है। चौहान ने कहा, ''वर्ष 2030-31 तक, हम दालों का रकबा मौजूदा 275 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 310 लाख हेक्टेयर कर देंगे। हमने वर्ष दालों का उत्पादन 2024-25 के 242 लाख टन से बढ़ाकर 350 लाख टन करने का लक्ष्य भी रखा है।''

# रिलायंस, आईटी शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स 398, निफ्टी 136 अंक चढ़ा

■ विदेशी संस्थागत निवेशकों का पूंजी प्रवाह जारी रहा

■ आईटी कंपनियों के परिणाम आने

एजेंसी ▶▶| मुंबई



स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 398 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 136 अंक की बढ़त रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच आईटी कंपनियों और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 398.44 अंक यानी 0.49 प्रतिशत चढ़कर 82,172.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 474.07 अंक यानी 0.57 प्रतिशत बढ़कर 82,247.73 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 135.65 अंक यानी 0.54 प्रतिशत बढ़कर 25,181.80 अंक पर पहुंच गया। तिमाही नतीजों की घोषणा से पहले एचसीएल टेक, टीसीएस, इन्फोसिस और टेक महिंद्रा जैसे आईटी शेयरों में तेजी दर्ज की गई। सेंसेक्स में शामिल अन्य कंपनियों में टाटा स्टील, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 1.39 प्रतिशत बढ़कर 12,075 करोड़ रुपये हो गया। वहीं राजस्व 2.39 प्रतिशत बढ़कर 65,799 करोड़ रुपये रहा।सेंसेक्स की कंपनियों में, टाटा स्टील में सबसे अधिक 2.65 प्रतिशत की तेजी रही।

# सोल वेलनेस का तनाव पता करेगा एआई उपकरण



**नई दिल्ली।** तनाव प्रबंधन समाधान उपलब्ध कराने वाली सोल वेलनेस ने यहां इंडिया मोबाइल कांग्रेस में ''स्ट्रेफी'' नामक देश का पहला कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित उपकरण पेश किया। कंपनी का दावा है कि यह उपकरण तनाव का पता लगाने, मापने और उसका प्रबंधन करने में मददगार है। सोल वेलनेस ने बयान में कहा, ''स्ट्रेफी'' एक अत्याधुनिक उपकरण है जो तनाव की पहचान, मूल्यांकन और प्रबंधन के तरीके में मूलभूत बदलाव लाता है। यह तकनीक चेहरे की 68 सूक्ष्म हाव-भाव और अभिव्यक्तियों को स्कैन कर रीयल टाइम में व्यक्ति के तनाव स्तर का विश्लेषण करती है।''

# आवास मूल्य सूचकांक जून तिमाही में 3.6 प्रतिशत बढ़ा : आरबीआई

■ पिछले वर्ष की समान अवधि में यह वृद्धि 7.6 प्रतिशत रही थी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 3.6 प्रतिशत बढ़ गया। आरबीआई ने बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। आरबीआई प्रत्येक तिमाही में देश के 18 प्रमुख शहरों में आवासीय इकाइयों की बिक्री के आंकड़ों के आधार पर यह सूचकांक तैयार करता है। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए सूचकांक 2022-23 को नया आधार वर्ष बनाकर जारी किया है। पहले इस सूचकांक का आधार वर्ष 2010-11 था। 'वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में अखिल भारतीय एचपीआई में सालाना आधार पर 3.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह वृद्धि 7.6 प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के मुताबिक, आलोच्य तिमाही में घरों की कीमतों में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि, नागपुर, चंडीगढ़, चेन्नई और कोच्चि में एक तिमाही पहले के मुकाबले कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई।

## डीजीसीए ने इंडिगो पर लगाया 20 लाख रुपए का जुर्माना




**नई दिल्ली।** नागर विमानन नियामक डीजीसीए ने पायलट प्रशिक्षण में कथित खामियों के लिए इंडिगो पर 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कंपनी इस फैसले को चुनौती देने की योजना बना रही है। इंडिगो ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे 26 सितंबर को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से जुर्माने के संबंध में नोटिस मिला है। कंपनी सूचना के अनुसार, 20 लाख रुपये का जुर्माना 'श्रेणी सी हवाई अड्डों पर पायलट प्रशिक्षण के लिए योग्य 'सिमुलेटर' का उपयोग करने में कथित विफलता' के लिए लगाया गया है। आमतौर पर श्रेणी 'सी' के हवाई अड्डों की पहुंच और परिचालन स्थितियां चुनौतीपूर्ण होती हैं। विमानन कंपनी ने कहा कि वह इस आदेश को उपयुक्त अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष चुनौती देने पर विचार किया जा रहा है।

## फिक्की के नवीनतम सर्वेक्षण के अनुसार, उत्पादन और मांग में सुधार

# विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत वृद्धि, विस्तार की राह पर अग्रसर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ फिक्की ने कहा कि घरेलू मांग में भी आशावाद झलक रहा है

देश का विनिर्माण क्षेत्र मजबूत वृद्धि और विस्तार की राह पर है। सितंबर तिमाही में 87 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने उत्पादन स्तर में वृद्धि या स्थिरता दर्ज की है। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

उद्योग मंडल फिक्की के नवीनतम सर्वेक्षण के मुताबिक, अप्रैल-जून तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र से जुड़े प्रतिभागियों के बीच यह अनुपात 77 प्रतिशत था। इस तरह विनिर्माण गतिविधियों में सुधार देखा गया है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष जुलाई-सितंबर 2025-26 तिमाही के दौरान उत्पादन और मांग दोनों में सुधार के संकेत मिले हैं।

### *आधे से अधिक उद्योग ने विस्तार की मंशा जताई*

*रिपोर्ट कहती है कि भविष्य का निवेश परिदृश्य भी सकारात्मक है। आधे से अधिक उद्योगों ने अगले छह महीनों में निवेश और विस्तार की मंशा जताई है। हालांकि, वैश्विक अनिश्चितता, व्यापार प्रतिबंध, श्रम की उपलब्धता, कच्चे माल की कमी और नियामकीय जटिलताओं जैसी चुनौतियां अब भी मौजूद हैं।*



### *उत्पादन क्षमता करीब 75 फीसदी*

*लागत में वृद्धि का प्रमुख कारण कच्चे माल जैसे थोक रसायन, धातु कोक, लौह अयस्क के दाम बढ़ना, मजदूरी व्यय और परिवहन एवं बिजली की बढ़ी लागत बताया गया है। सर्वे में शामिल विनिर्माण इकाइयों का संयुक्त वार्षिक कारोबार तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक है। औसतन उत्पादन क्षमता उपयोग करीब 75 प्रतिशत है, जो क्षेत्र में टिकाऊ आर्थिक गतिविधियों का संकेत है।*

### आठ प्रमुख क्षेत्र शामिल किए गए

सर्वेक्षण में आठ प्रमुख क्षेत्रों- वाहन एवं कलपुर्जे, पूंजीगत वस्तुएं, रसायन, उर्वरक एवं दवा, इलेक्ट्रॉनिक्स, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद एवं दूरसंचार, मशीनी उपकरण, धातु उत्पाद और वस्त्र एवं तकनीकी वस्त्र से जुड़ी कंपनियां शामिल थीं। फिक्की ने कहा कि घरेलू मांग में भी आशावाद झलक रहा है।

### तिमाही में ऑर्डर बढ़ने की उम्मीद

करीब 83 प्रतिशत उत्तरदाता जुलाई-सितंबर तिमाही में ऑर्डर बढ़ने की उम्मीद कर रहे हैं और इसमें हाल में घोषित जीएसटी दर कटौती की अहम भूमिका होने की संभावना है। हालांकि, उत्पादन लागत लगातार ऊपरी स्तर पर बनी हुई है। 50 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं ने बिक्री के अनुपात में लागत बढ़ने की बात कही, जो पिछले तिमाही के अनुरूप है।

### एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का मुनाफा 46 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का मुनाफा वित्त वर्ष 2024-25 में 45.8 प्रतिशत बढ़कर 2,203.35 करोड़ रुपये रहा है। इस दौरान कंपनी की परिचालन आय 14.1 प्रतिशत बढ़कर 24,366.64 करोड़ रुपये हो गई।
कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। कंपनी को वित्त वर्ष 2023-24 में 1,511.07 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था और इसकी परिचालन आय 21,352 करोड़ रुपये रही थी।


बिहार एसआईआर के मामले में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

# 'जिनके नाम कटे वो लीगल सर्विस अथॉरिटी की मदद से करें अपील'

## 3.66 लाख मतदाताओं का नाम नहीं है फाइनल लिस्ट में, अगले महीने होने हैं बिहार में विधानसभा चुनाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले चुनाव आयोग की तरफ से कराए गए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले में सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को एक और बार सुनवाई हुई। चुनाव आयोग की प्रक्रियाओं में खामियों को उजागर करते हुए दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बिहार विधिक सेवा प्राधिकरण (बीएसएलएलए) को अहम निर्देश दिए। कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को मतदाताओं की मदद करने को कहा। सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने प्रशांत भीषण के हलफनामे में दी गई जानकारी को गलत बताया। आयोग के वकील राकेश द्विवेदी ने कहा कि याचिका कर्ताओं का आरोप है कि ड्राफ्ट लिस्ट में मौजूद लोगों का नाम फाइनल लिस्ट से गायब है, उन्हें कारण बताया नहीं गया। याचिका कर्ताओं की तरफ से जो जानकारी दी गई है, वह ग़लत है। एक व्यक्ति के बारे में राकेश द्विवेदी ने कहा कि जिस एक व्यक्ति की बात हलफनामे में की गई है, उसका नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं था, उसने इन्यूमरेशन फॉर्म जमा ही नहीं किया था।



**भूषण ने अदालत को दिया ये जवाब :** अदालत के समक्ष गलत दावे और विवरण दाखिल किए जाने के सवाल पर एनजीओ की तरफ से पैरवी कर रहे वकील प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट को बताया, अंतिम मतदाता सूची से अपना नाम बाहर होने का दावा करने वाले व्यक्ति के विवरण की पुष्टि बीएसएलएसए की मदद से की जा सकती है। भूषण ने यह भी कहा, 3.66 लाख मतदाताओं का नाम फाइनल लिस्ट में नहीं है।

### नहीं होना चाहिए एक पंक्ति का गूढ़ आदेश

बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (बीएसएलएसए) को निर्देश देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा, वह अपने जिला-स्तरीय निकाय को अंतिम मतदाता सूची से बाहर किए गए मतदाताओं को चुनाव आयोग में अपील दायर करने में सहायता करे। कोर्ट ने कहा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपील दायर करने में मतदाताओं की सहायता के लिए अर्ध-विधिक स्वयंसेवकों की एक सूची जारी करेगा। बीएसएलएसए सुनिश्चित करेगा कि उनके पास मतदाताओं के नाम खारिज होने के विस्तृत आदेश हों। पीठ ने कहा, हम चाहते हैं कि सभी को अपील करने का उचित अवसर दिया जाए और उनके पास इस बारे में विस्तृत आदेश होने चाहिए कि उनके नाम क्यों बाहर किए गए हैं। यह एक पंक्ति का गूढ़ आदेश नहीं होना चाहिए।

## आचार संहिता के दायरे में इंटरनेट भी, पार्टियों को निर्देश किए गए जारी



बिहार चुनावों का ऐलान हो गया है। इसके बाद राजनीतिक पार्टियां चुनावी प्रचार-प्रसार में तेजी से जुट गई हैं। राजनीतिक दल एक दूसरे को नीचा दिखाने के लिए एआई, सोशल मीडिया जैसे प्लेटफॉर्म का सहारा लेने लगे हैं। चुनाव शुरू होने से पहले ही चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को साफ निर्देश जारी कर करते हुए 7 बिंदुओं का एक पत्र जारी किया है। आयोग ने कहा कि इस बार आचार संहिता के दायरे में सोशल मीडिया समेत इंटरनेट भी शामिल रहेगा। अभी तक आचार संहिता के नियमों को केवल जमीनी स्तर फॉलो कराया जाता था। आयोग ने कहा कि आदर्श आचार संहिता दिशानिर्देशों का पालन कराने के लिए व्यापक व्यवस्था है। इन दिशानिर्देशों के किसी भी उल्लंघन से सख्ती से निपटा जाएगा। इस बार आयोग चुनावी माहौल को खराब न होने देने के लिए सोशल मीडिया पोस्ट पर कड़ी नजर रखेगा। आयोग ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के नियम के अनुसार अन्य दलों की आलोचना उनकी नीतियों और कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्य तक ही सीमित रहेंगी। दलों और उम्मीदवारों को अन्य दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं के निजी जीवन के उन सभी पहलुओं की आलोचना करने से बचना चाहिए जो सार्वजनिक गतिविधियों से संबंधित न हों।

## खबर संक्षेप

### लिव-इन रिलेशन से दूर रहें छात्राएं : आनंदीबेन



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एक बार फिर अपने बयान को लेकर चर्चा में हैं। वाराणसी के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय के 47वें दीक्षांत समारोह में उन्होंने छात्राओं को लिव इन रिलेशनशिप से दूर रहने की नसीहत दी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने समारोह के दौरान कहा, बेटियों से एक ही बात कहूंगी, लिव इन रिलेशन मत करिए, मत करिए। अपने जीवन का निर्णय स्वयं करिए। देखा है ना 50-50 टुकड़े होते हैं।

### गिरफ्तारी के बाद जुबीन के डीएसपी कजिन सस्पेंड

**गुवाहटी।** सिंगापुर में सिंगर जुबीन गर्ग (52) की मौत के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए उनके चचेरे भाई और असम पुलिस के डीएसपी संदीपन गर्ग को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। असम पुलिस सेवा (एपीएस) के अधिकारी संदीपन, जुबीन के साथ सिंगापुर गए थे और कथित तौर पर सिंगर के अंतिम क्षणों में यॉट पर मौजूद थे। जुबीन गर्ग की 19 सितंबर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान मौत हो गई थी। संदीपन गर्ग कामरूप जिले के पुलिस उपाधीक्षक (कानून एवं व्यवस्था) पद पर तैनात थे।

**तेलंगाना सरकार को करारा झटका :** हैदराबाद। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने तेलंगाना सरकार के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़े वर्गों (बीसी) के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लिया गया था। अदालत ने अंतरिम आदेश जारी कर दिए हुए अगले आदेश तक सरकार के आदेश के पालन पर रोक लगा दी है।

दोनों बड़े गठबंधन सत्ताधारी राजग व इंडिया में चल रहा घमासान

# बिहार में छोटे दल बने 'सिरदर्द' अब तक नहीं हो पाई सीट शेयरिंग फाइनल

*बिहार में अगले महीने विधानसभा चुनाव हैं। दो प्रमुख गठबंधन एनडीए व इंडिया के दलों के लिए सीट शेयरिंग अब तक फाइनल नहीं हो पाई है। दोनों प्रमुख गठबंधन छोटे दलों को साधने में जुटे हुए हैं। हालांकि पार्टी नेताओं का यह भी दावा है कि सीट शेयरिंग का फार्मूला तय हो चुका है और जल्द ही प्रत्याशियों की लिस्ट जारी होने जा रही है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एनडीए के आला सूत्रों के मुताबिक सीट शेयरिंग को लेकर सभी घटक दलों के बीच सहमति बन चुकी है और किसी तरह का विवाद नहीं है। गठबंधन के उम्मीदवारों की पहली सूची 13 अक्तूबर को जारी होने की संभावना है। सूत्रों का कहना है कि ये सूची एनडीए की संयुक्त सूची होगी, जिसे बीजेपी, जेडीयू, एलजेपी (रामविलास), एचएएम और आरएलएसपी साझा तौर पर जारी करेंगे। इस बार सीटों के बंटवारे में सहमति बनाने का जिम्मा जदयू ने बीजेपी को सौंपा है। बीजेपी को अन्य सहयोगी दलों जैसे- चिराग पासवान, जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाह से बातचीत का जिम्मा भी दिया गया है, और यह बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है।

### नवंबर में 2 चरणों में होने हैं यहां विधानसभा चुनाव



**कई दौर की मीटिंग के बाद फाइनल होंगे नाम**

भाजपा राज्य स्तर पर उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और हर सीट के लिए तीन संभावित उम्मीदवारों का पैनल तैयार किया गया है। इन नामों पर अब दिल्ली में चर्चा होगी। बीजेपी का बिहार कोर ग्रुप 11 अक्तूबर को दिल्ली में बैठक करेगा, जबकि केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक 12 अक्तूबर को प्रस्तावित है। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। सूत्रों ने बताया कि इन बैठकों के बाद उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम मुहर लगेगी, जिसके बाद 13 अक्तूबर को एनडीए की पहली संयुक्त सूची जारी होने की उम्मीद है।

**चिराग से मिलकर बोले नित्यानंद, सब कुछ पॉजीटिव**

*केंद्रीय मंत्री और एलजेपी (आर) अध्यक्ष चिराग पासवान से मुलाकात के बाद गृह राज्य मंत्री और भाजपा नेता नित्यानंद राय ने कहा कि सब कुछ सकारात्मक है। वहीं, चिराग से मुलाकात के बाद नित्यानंद राय ने बिहार भाजपा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान से उनके आवास पर मुलाकात की। बताया जा रहा है कि नित्यानंद राय ने धर्मेंद्र प्रधान को चिराग के साथ अपनी मुलाकात के बारे में जानकारी दी।*

### 'इंडिया' में उलझन, लेकिन कांग्रेस में सीटें फाइनल



इंडिया महागठबंधन में भी सीटों का मसला नहीं सुलझा है। घटक दल अपनी-अपनी सीटों की संख्या और हिस्सेदारी को लेकर अड़े हुए हैं। विश्लेषकों का कहना है कि कांग्रेस और राजद की बैठक के बाद ही इस मसले में अंतिम रूपरेखा सामने आ सकती है। इधर, कांग्रेस ने अपने हिस्से की सभी सीटों पर उम्मीदवार फाइनल कर दिए हैं। यह जानकारी देते हुए बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बताया, आधिकारिक घोषणा बहुत जल्द की जाएगी।'

### भूपेश, गहलोत, रमेश सहित कई दिग्गज पहुंचे पटना

जानकारी है कि कांग्रेस के डेलीगेट्स पटना पहुंचे हैं। पार्टी कार्यालय सदाकत आश्रम में पार्टी नेताओं के साथ बैठक की। इस मीटिंग में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, जयराम रमेश, भूपेश बघेल, अधीर रंजन चौधरी बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारु, राजेश राम, शकील अहमद खान, मदन मोहन झा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह शामिल रहे। इसमें सीट शेयरिंग सहित टिकट वितरण के मुददों और अन्य रणनीतियों पर चर्चा हुई। बता दें, अगले महीने नवंबर के आखिर में 6 व 11 नवंबर को दो चरणों में वोट पड़ेंगे तथा मतगणना 14 नवंबर को होगी।

**बिहार चुनाव :** तेजस्वी ने किया बड़ा वादा

# 'हर परिवार के एक सदस्य को देंगे सरकारी नौकरी'



**पटना।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने बिहार में सरकार बनने पर हर परिवार को एक सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि बिहार के जिस भी परिवार के पास सरकारी नौकरी नहीं है, ऐसे हर परिवार को नया अधिनियम बनाकर अनिवार्य रूप से नौकरी दी जाएगी। सरकार बनते ही बीस दिनों के अंदर ये अधिनियम बनाया जाएगा और बीस महीने में बिहार में ऐसा एक भी घर नहीं बचेगा, जिसके पास सरकारी नौकरी नहीं होगी। यादव ने आगे कहा कि यह संभव है, इसके लिए इच्छाशक्ति चाहिए। इस 20 साल की सरकार ने कोई इच्छाशक्ति नहीं दिखाई, हमने जो राह दिखाई इन्होंने उसकी नकल की। 20 साल की एनडीए सरकार पक्का आवास, सस्ता राशन हर घर को नहीं पहुंच पाई लेकिन हमारी सरकार हर परिवार को एक सरकारी नौकरी देगी। नौकरी से हर कमी ही अपने आप पूरी हो जाएगी। इस सरकार ने हर घर में सुरक्षा और बेरोजगारी का खौफ दिया।

### भोजपुरी सिंगर, एक्टर सहित कई मुस्लिम नेताओं को टिकट



प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में 51 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। इस लिस्ट में एडवोकेट वाईबी गिरी, भोजपुरी गायक और अभिनेता रितेश पांडेय समेत कई अन्य बड़े नाम शामिल हैं। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की पोती जागृति ठाकुर को मोरवा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। मुस्लिम समुदाय के 8, अनुसूचित जाति से 7 और सामान्य वर्ग के 8 उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है।


**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल**
**पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**// सर्व संबंधित को सूचना //**

भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 (यथा संशोधित) के तहत् सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि Purunga Underground Coal Mine (within the ML area of 869.025 Ha. Having production capacity of 2.25 MTPA) by M/s Ambuja Cements Limited, located at villages: Kokdar, Purunga and Samarsingha, Tehsil - Chhal, District-Raigarh, State-Chhattisgarh की स्थापना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई बाबत् छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल में आवेदन किया गया है। उक्त परियोजना के संबंध में आपत्ति / सुझाव / विचार / टीका-टिप्पणी, इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रुप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए **लोक सुनवाई दिनांक 11.11.2025, दिन मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे से स्थल - शासकीय हाई स्कूल का मैदान, ग्राम-पुरुंगा, तहसील-छाल, जिला - रायगढ़ (छ.ग.) में नियत की गई है।** यह भी सूचित हो कि लोक सुनवाई के दौरान भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ऑफिस मेमोरेण्डम F.No. 22-25/2020-IA.III दिनांक 14.09.2020 तथा कोरोना वायरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाना अनिवार्य होगा।

ई.आई.ए. अधिसूचना दिनांक 14 सितंबर 2006 (यथा संशोधित) के अनुसार, संबंधित व्यक्तियों के अवलोकन / पठन हेतु ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट अंग्रेजी भाषा में एवं इसकी संक्षिप्त सार रिपोर्ट हिन्दी एवं अंग्रेजी तथा सी.डी. (सॉफ्ट कॉपी) कार्यालय कलेक्टर रायगढ़, कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायगढ़, कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), धरमजयगढ़, जिला - रायगढ़, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल टी.व्ही. टॉवर रोड रायगढ़, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत - धरमजयगढ़, जिला - रायगढ़, सरपंच / सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत - तेंदुमुड़ी, पुरुंगा, समरसिंघा, तहसील - धरमजयगढ़, जिला - रायगढ़, डायरेक्टर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर एवं मुख्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर (छ.ग.) में रखी हुई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)


### कर्नाटक : हर महीने एक दिन की पेड पीरियड लीव

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने महिलाओं के स्वास्थ्य और कार्यस्थल पर समानता को बढ़ावा देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। राज्य कैबिनेट ने मैन्स्टुअल लीव पॉलिसी-2025 को मंजूरी दे दी है। नई नीति के तहत राज्यभर में काम करने वाली सभी महिलाओं को हर महीने एक दिन की सवेतन (पेड) पीरियड लीव दी जाएगी। ये नीति अब आधिकारिक रूप से लागू कर दी गई है।

## सरोगेसी कानून में खास दंपती को छूट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सरोगेसी कानून पर अहम फैसला दिया है। कोर्ट ने कहा है कि वे दंपति जिन्होंने सरोगेसी से संबंधित कानून (सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021) लागू होने से पहले सरोगेसी की प्रक्रिया शुरू की थी, वे कानून में निर्धारित आयु सीमा से अधिक होने के बावजूद सरोगेसी की प्रक्रिया जारी रख सकते हैं। मौजूदा कानून के मुताबिक सरोगेसी के लिए महिला की आयु 23 से 50 वर्ष और पुरुष की आयु 26 से 55 वर्ष के बीच होनी चाहिए। जस्टिस बी.वी. नागरथना और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि ऐसे दंपतियों का सरोगेसी का अधिकार उस समय साफ हो गया था जब उन्होंने कानून लागू होने से पहले अपने भ्रूण को फ्रीज़ कराया था। उस समय कोई आयु सीमा लागू नहीं थी। इसलिए, अधिनियम में दी गई आयु सीमा इन मामलों में पिछली तारीख से लागू नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हम यह घोषित करते हैं कि आयु सीमा तय करने के लिए तय कानूनी प्रावधान का पहले के मामले में प्रभाव नहीं होगा। और यह उन याचिकाकर्ताओं तथा दंपतियों पर लागू नहीं होगी जिन्होंने सरोगेसी की प्रक्रिया पहले शुरू कर दी थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि 'सरोगेसी की प्रक्रिया का प्रारंभ' तब माना जाएगा जब गैमेट्स (शुक्राणु व अंडाणु) निकाले जा चुके हों और भ्रूण फ्रीज़ कर लिया गया हो।


**लापता**



नाम सरस्वती बाई पति जीवन लाल नोरगे उम्र 55 वर्ष ऊंचाई 5 फीट 5 इंच रंग सांवली चेहरा गोल बाल काला शारीरिक स्थिति सामान्य लाल रंग का साड़ी ब्लाउज पहनी है जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है वे अनपढ़ है एवं छत्तीसगढ़ी भाषा में बात करती है जो कि अपने घर ग्राम रिस्दा थाना मस्तूरी से 07 अक्टूबर को दोपहर करीब 1:00 बजे घर में बिना किसी को कुछ बताएं कहीं चली गई है अगर किसी व्यक्ति द्वारा देखा जाता है तो उसके सम्बन्ध में सूचित करने अथवा उसे घर पहुंचाने वाले व्यक्ति को आने जाने का खर्च एवं उचित इनाम दिया जावेगा।


**सम्पर्क करें -जीवन लाल नोरगे (पति)**
ग्राम-रिस्दा, थाना-मस्तूरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
**मो.नं. 6264727968, 8341379837**

**आम सूचना/ईशतहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि 01 परमेश्वरी उम्र 43 वर्ष, पति स्व. विजय कुमार साहू मो.नं.-9993702923, 02 दीपक साहू उम्र 19 वर्ष पिता स्व. विजय कुमार साहू मो.नं.-9630950870, दोनो निवासी ग्राम मुड़ापार (एस.ई.सी.एल. कोरबा) वार्ड नंबर 29 मकान नंबर 304, तहसील कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) के निवासी है जिनके द्वारा शामिल सरीक मुड़ापार स्थित मकान नंबर 304 एवं कृष्णा नगर रविशंकर शुक्ल नगर वार्ड नंबर 26 में दोनो मकान स्थित है जिसे परमेश्वरी एवं दीपक साहू द्वारा बिक्री करने की सूचना प्राप्त हुई है इसलिए इस ईश्तहार प्रकाशन के द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मकान पर हमारा शामिल सरीक हिस्सा है जिसे कोई व्यक्ति क्रय-बिक्रय न करें यदि क्रय बिक्रय करते है तो हमारे जानकारी में किया जावे यदि हमारे जानकारी के बगैर उपरोक्त मकानों की खरीदी बिक्री की जाती है तो वह अवैध माना जावेगा जिसकी समस्त जवाबदारी क्रेता एवं विक्रेता की होगी। सो सूचना जाने

**भवदीय**
**विद्याधर साहू पिता स्व. राजाराम**
**निवासी-नवागढ़, तहसील व थाना नवागढ़, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) मो.नं.-9009393522**



## राशिफल


**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।


**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।


**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।


**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।



**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।


**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।


**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।


**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## शब्द पहेली - 6014



**बाएँ से दाए**
1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा (उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 6013 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6024

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6023 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मेडिकल मोबाइल यूनिट...

रूलर की योजना का संचालन किया जाता था। अब उसके स्थान पर पीएम जनमन मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित होगी।

### ट्रिपल आईटी की...

के कारणों की जानकारी ली जा रही है। एएसपी विवेक शुक्ला के अनुसार, छात्राओं की एआई से अश्लील फोटो बनाने के आरोप में बिलासपुर निवासी सैयद रहीम अदनान अली (21) को गिरफ्तार किया गया है। अदनान को पुलिस ने कॉलेज प्रबंधन की शिकायत पर गिरफ्तार किया है। एआई से अश्लील फोटो बनाने की जानकारी मिलने पर पुलिस स्वतः संज्ञान लेते हुए बुधवार को कालेज में जांच करने पहुंची थी। पुलिस मामले की जांच करने जब कॉलेज पहुंची, तब उन्हें कॉलेज प्रबंधन द्वारा अपने स्तर पर तीन सदस्यीय कमेटी द्वारा जांच किए जाने की जानकारी मिली। कॉलेज प्रबंधन ने मामले की जांच के बाद पुलिस में आरोपी छात्र के खिलाफ कार्रवाई करने लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी छात्र के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा 66 (निजता का उल्लंघन), 67, 67(ए) (अश्लील सामग्री प्रसारित करना) और अन्य संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने छात्र का लैपटॉप और मोबाइल फोन भी जब्त किया है।

### साक्ष्यों की जांच...

कहां-कहां भेजा है। फोटो का छात्र ने किस तरह का इस्तेमाल किया है। इसके अलावा पुलिस इस बात की भी जानकारी जुटा रही है कि छात्र ने किसी दूसरे के कहने पर छात्राओं की एआई की मदद से अश्लील फोटो तो नहीं बनाया था।

### अश्लील फोटो को...

आरोपी छात्र ने अपने मोबाइल तथा लैपटॉप से कई डेटा डिलीट कर दिया है। डेटा रिकवर करना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है। पुलिस अफसर के अनुसार, जरूरत पड़ने पर आरोपी छात्र के मोबाइल के साथ लैपटॉप की फोरेंसिक जांच की जाएगी।

### भारत में ब्रिटेन से...

दायरा व्यापक होगा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बुधवार को 100 से ज्यादा सीईओ, उद्यमियों और विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। यह स्टार्मर की पहली भारत यात्रा है। मोदी ने स्टार्मर की मौजूदगी में अपने मीडिया वक्तव्य में कहा, भारत और ब्रिटेन स्वाभाविक साझेदार हैं। हमारे संबंध लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून के शासन के साझा मूल्यों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा, आज के वैश्विक अनिश्चितता के दौर में, हमारी बढ़ती साझेदारी वैश्विक स्थिरता और आर्थिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। मोदी ने कहा कि भारत की तेजी और ब्रिटेन की विशेषज्ञता मिलकर विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए एक 'अद्वितीय तालमेल' बनाएंगी। उन्होंने कहा, हमारी साझेदारी विश्वसनीय है और प्रतिभा व तकनीक से प्रेरित है। और आज, जब प्रधानमंत्री स्टार्मर तथा मैं इस मंच पर एक साथ खड़े हैं, तो यह दोनों देशों के लोगों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए मिलकर काम करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता की स्पष्ट पुष्टि है। वहीं, स्टार्मर ने ब्रिटेन-भारत व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर को एक 'अभूतपूर्व क्षण' बताया क्योंकि इससे टैरिफ में कमी आएगी, एक-दूसरे के बाजारों तक पहुंच बढ़ेगी और रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

स्टार्मर ने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि हम यहां भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई में मिल रहे हैं, क्योंकि भारत की विकास गाथा उल्लेखनीय है। मैं प्रधानमंत्री को उनके नेतृत्व के लिए बधाई देना चाहता हूं, जिनका लक्ष्य 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है। दोनों नेताओं ने संयुक्त आर्थिक एवं व्यापार समिति के पुनर्गठन का भी स्वागत किया, जो व्यापार समझौते के संचालन एवं उपयोग में सहायता करेगी तथा व्यापक व्यापार एवं निवेश साझेदारी को आगे बढ़ाएगी। दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत, पश्चिम एशिया में शांति एवं स्थिरता और यूक्रेन में जारी संघर्ष पर भी विचार साझा किए। स्टार्मर ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी और मैंने यूक्रेन में तत्काल और स्थायी शांति की आवश्यकता, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता एवं सुरक्षा की जरूरत तथा जलवायु एवं ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग की आवश्यकता पर भी चर्चा की, जिसमें जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता से मुक्ति भी शामिल है। रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में, दोनों पक्षों ने हिंद-प्रशांत महासागर पहल के तहत क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र (आरएमएससीई) की स्थापना सहित हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक मजबूत समुद्री सुरक्षा सहयोग के लिए दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। संयुक्त बयान में कहा गया, प्रशिक्षण सहयोग के संदर्भ में, दोनों नेताओं ने एक ऐसी व्यवस्था पर प्रगति का स्वागत किया जिसके तहत भारतीय वायुसेना के योग्य उड़ान प्रशिक्षक ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स के साथ काम करेंगे, साथ ही एक ऐसा समझौता भी होगा जो हमारे प्रशिक्षण और शिक्षा संबंधों को सुगम बनाएगा। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि दोनों पक्षों ने महत्वपूर्ण खनिजों पर सहयोग के लिए एक उद्योग संघ और आपूर्ति श्रृंखला वेधशाला स्थापित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इससे जुड़ा परिसर भारतीय खान विद्यापीठ, धनबाद में स्थित होगा। मोदी ने कहा, सतत विकास लक्ष्यों के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता है। इस दिशा में, हम भारत-ब्रिटेन अपतटीय पवन कार्यबल के गठन का स्वागत करते हैं।

### मासूम के सीने...

रहे इस मासूम को अस्पताल के नर्सरी वार्ड में उपचार के लिए भर्ती तो किया गया है, लेकिन इसके सीने के पास एक बड़ा सा बोर्ड चस्पा कर दिया गया है कि इसकी मां एचआईवी पॉजिटिव है। अंग्रेजी भाषा में दर्शाए गए बोर्ड में बड़े बड़े अक्षरों में एचआईवी पॉजिटिव मदर लिख दिया गया है, जिससे आसपास से गुजरने वाले और अन्य लोगों को यह आसानी से पता चल जाए कि यह वह बच्चा है, जिसकी मां एचआईवी से संक्रमित है।

राजधानी रायपुर से महज कुछ किलोमीटर दूर स्थित तिल्दा क्षेत्र में रहने वाली 26 वर्षीय महिला को 4 अक्टूबर को प्रसव पीड़ा होने के बाद आंबेडकर अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूती रोग विभाग के वार्ड में भर्ती कराया गया। महिला विगत कुछ समय से एचआईवी से संक्रमित है। महिला के पति ने बताया कि देर शाम उसकी पत्नी ने एक बालक को जन्म दिया। इस दौरान चिकित्सकों ने पाया कि बच्चे की सेहत ठीक नहीं है और वह कमजोर है, इसलिए उसे अस्पताल के अन्य यूनिट में भर्ती कर लिया गया। वहीं, बच्चे की सेहत में कुछ सुधार होने के बाद 6 अक्टूबर को उसे नर्सरी में शिफ्ट कर दिया गया।

**बच्चे का हाल जानने पिता जब नर्सरी पहुंचे, तब बच्चे के सीने के पास दिखी बड़ी सी तख्ती-**

मासूम के पिता ने बताया कि नर्सरी में शिफ्ट करने के बाद कुछ दिनों तक जब बच्चे से मिलने नहीं दिया जा रहा था, तब वह गुरूवार को अपने बच्चे को देखने के लिए पहुंचा। इस दौरान उसने देखा कि बच्चे के सीने के बाद एक बड़ी सी तख्ती अस्पताल वालों ने लगा रखी है। जिसमें बड़े बड़े अक्षरों में एचआईवी पॉजिटिव मदर लिखा हुआ है।

### थंब इंप्रेशन में...

नमूनों की जांच पैसे लेकर कराई गई है।

### बार बार हो रही...

बताया कि अगर दो-तीन दिन और बारिश जारी रही तो फसल का पूरा नुकसान हो जाएगा। अब किसानों को मुआवजे की उम्मीद है। वे प्रशासन से सर्वे कर शीघ्र राहत देने की मांग कर रहे हैं।

### 40 प्रतिशत...

टेकसिह चंदेल ने कहा समय पर खाद-डीएपी नहीं मिलने से फसल में वृद्धि देखने को नहीं मिल रही है। वहीं, जब धान की फसल पैदावार स्थिति में आने लगी तो यूरिया खाद नहीं मिल पाई, जिससे किसान की फसले लगभग 40 प्रतिशत मार खा गई। अब मौसम के इस रोजाना बारिश होने के चलते किसान के धान की फसल और भी प्रभावित होने लगी है।

### पानी में डूबने से...

कि डूबवाली लीज जमीन के अलावा उनके पास और कोई जमीन नहीं है। इसी जमीन पर खेती आजीविका का एकमात्र साधन है। डूब चुकी फसल को बचाने माड़मसिल्ली बांध से कम से कम तीन फीट पानी छोड़ने पर उनकी फसल बच सकती है और कटाई का काम शुरु किया जा सकेगा। डूब प्रभावित किसानों ने कलेक्टर से माड़मसिल्ली बांध से तीन फीट पानी कम करने की गुहार लगाई है।

### 26 लाख कैश, ढाई ...

इस कार्रवाई में लोकायुक्त संगठन से जुड़े हुए 90 पुलिसकर्मी और अधिकारी शामिल रहे हैं। जीपी मेहरा पर अपने कार्यकाल के दौरान विभागीय ठेकों और निर्माण कार्यों में गड़बड़ियों के आरोप हैं। इन्हीं आरोपों की जांच करते हुए लोकायुक्त की टीम गुरुवार सुबह पुलिस बल के साथ उनके घर पहुंची और तलाशी शुरू की। मेहरा के एक साथ चार ठिकानों पर छापा मारा गया है, जिसमें गोविंदपुरा स्थित बंगला, बावड़िया कला स्थित बंगला, सोहागपुर स्थित घर और मणिपुरम स्थित बंगला शामिल है। मणिपुरम कॉलोनी और बावड़िया स्थित बंगले से बड़ी संख्या में कैश और सोने के जेवरात मिले हैं। इन दोनों ठिकानों पर कैश गिनने के लिए मशीनें मंगानी पड़ी हैं। इसके अलावा टीम को प्रॉपर्टी से जुड़े दस्तावेज मिले हैं। इनमें मुंबई में खरीदी गई संपत्ति से जुड़े प्रमाण भी शामिल हैं। कार्रवाई सुबह 6 बजे से लगातार जारी है।

फैसले सुनाए। न्यायिक अधिकारियों को बड़ी राहत देते हुए फैसले में कहा गया, न्यायिक अधिकारियों को न्यायाधीश के रूप में काम करते हुए जो अनुभव मिलता है, वह एक वकील के रूप में काम करने वाले व्यक्ति के अनुभव से कहीं अधिक होता है। इसके अलावा, न्यायिक अधिकारी के रूप में अपना काम शुरू करने से पहले न्यायाधीशों को कम से कम एक वर्ष का कठोर प्रशिक्षण भी लेना होता है। जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए पात्रता मानदंड को पुनः परिभाषित करने वाले इस फैसले में यह भी कहा गया कि जिला न्यायाधीश या अतिरिक्त जिला न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए पात्रता आवेदन के समय देखी जानी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने स्वयं तथा न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, न्यायमूर्ति एस सी शर्मा और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन के लिए लिखे 119 पृष्ठों के फैसले में कहा, न्यायिक अधिकारी जो अधीनस्थ न्यायिक सेवा में भर्ती होने से पहले बार में सात साल पूरे कर चुके हैं, वे सीधी भर्ती प्रक्रिया में डीजे के पद के लिए चयन प्रक्रिया में जिला न्यायाधीश/अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (डीजे/एडीजे) के रूप में नियुक्त होने के हकदार होंगे। न्यायालय ने कहा, हालांकि अनुच्छेद 233(2) के तहत जिला न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए संघ या राज्य की न्यायिक सेवा में पहले से कार्यरत किसी व्यक्ति के लिए कोई पात्रता निर्धारित नहीं है, फिर भी समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए हम निर्देश देते हैं कि सेवाकालीन उम्मीदवार के रूप में आवेदन करने वाले उम्मीदवार के पास न्यायिक अधिकारी और अधिवक्ता के रूप में संयुक्त रूप से सात वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

### कई ठिकानों पर ...

के साथ कैलाश नायक की पार्टनरशिप की जानकारी लोकायुक्त को लगी है। फैक्ट्री में लगभग सवा लाख रुपए नकद मिले हैं। रोहित जीपी मेहरा का बेटा है। ओपल रेजेंसी, दाना पानी, ए ब्लॉक, फ्लैट नं. 508 में छापा कार्यवाही के दौरान 26 लाख रुपए कैश, लगभग 2 किलो 649 ग्राम सोना अनुमानित कीमत लगभग 3 करोड़ 5 लाख रुपए। लगभग 5 किलो 523 ग्राम चांदी अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख 93 हजार रुपए मिले हैं। इसी के साथ प्रॉपर्टी से संबंधित दस्तावेज प्राप्त हुए हैं। नर्मदापुरम के तहसील सोहागपुर के ग्राम सैनी में छापा के दौरान 17 टन शहद, कृषि भूमि, काफी महंगे कृषि उपकरण, 06 ट्रैक्टर, 32 निमार्णाधीन काटेज, 07 निर्मित कॉटेज, 01 भवन, 02 मछली पालन केंद्र, 02 गोशाला, 02 बड़े तालाब, मंदिर की जानकारी प्राप्त हुई एवं प्रॉपर्टी से संबंधित दस्तावेज मिले हैं।

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद | आयुष्मान कार्ड सुविधा | SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। | अष्टविनायक हॉस्पिटल | बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेसिलिटी डायग्नोस्टिक
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेसिलिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम • क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून • एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बूढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

असली केंदवा मलहम — दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** मोबाइल दुकान में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीश्याम कम्युनिकेशन (सैमसंग स्टोर) जायका रेस्टोरेन्ट के पास मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 70001 75787, 9584844447 (38874)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर गौरव पथ स्थित जिनदत्त साइंटिफिक एंड केमिकल्स दुकान में काम करने हेतु 10वीं, 12वीं पास, अंग्रेजी, कम्प्यूटर जानकार लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 98274 10308, 8839800791 (38875)

**आवश्यकता है-** पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत अनुभवी सोलर पावर प्लांट इंस्टॉलर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अधिकृत विक्रेता टाटा पावर सोलर भट्ट एंटरप्राइजेज बिलासपुर 7003837779, 8085548615 (38876)

**आवश्यकता है-** कपड़े शोरूम में सेल्समैन (वेतन 11000 से 13000), हेल्पर लड़के, लड़कियां चाहिये (वेतन 7000 से 10000) सम्पर्क करें- दोपहर 2-5, न्यूलुक कलेक्शन बृहस्पति बाजार चौक राजेन्द्र नगर रोड बिलासपुर 9238247005 (38868)

**आवश्यकता है-** सर्वमंगला टेन्ट हाऊस में काम करने हेतु लड़कों, ड्राइवर एवं इलेक्ट्रीशियन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- कुम्हारपारा रोड राजीव गांधी चौक बिलासपुर, 6260273334, 98266 01147 (38881)

**आवश्यकता है-** थोक दवा दुकान में काम के लिये लड़को की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- मेलाराम हेमन्त कुमार, मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (38869)

**आवश्यकता है-** बुटीक में कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- सलोनी बुटिक एल-8 विनोबा नगर बिलासपुर 8999999760 (38878)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गोविन्द इलेक्ट्रॉनिक गेट नम्बर 1 बुधवारी बाजार बिलासपुर 9300635599 (38879)

**आवश्यकता है-** रायपुर+ लोकल बिलासपुर में सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है वेतन- 10000 से 13000 सम्पर्क करें- एक्समैन सिक्युरिटी सर्विस वैशाली टॉवर हेमू नगर बिलासपुर 9754713125, 9827618359 (38880)

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेन्सी में ऑर्डर बुकिंग एवं वसूली करने के लिए लड़कों की आश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- दयालबन्द बिलासपुर 91110 00629 (38871)

**आवश्यकता है-** अनुभवी रिसेप्शनिस्ट हॉस्पिटल मैनेजमेन्ट, अनुभवी PRO (फील्ड वर्क) अनुभवी फार्मासिस्ट (मेडिकल स्टोर हेतु) X-RAY टेक्नीशियन सीपत के लिए सम्पर्क करें- प्रभा हॉस्पिटल महामाया चौक रतनपुर रोड लोधीपारा सरकण्डा बिलासपुर 74709 46314 (38867)

**आवश्यकता है-** कार ड्राइवर की आवश्यकता है सुबह नौ बजे से शामआठ बजे तक सम्पर्क करें- मित्र विहार कॉलोनी लिंक रोड बिलासपुर 8980809043 (38863)

**आवश्यकता है-** संजय बैग हाउस एसी शोरूम में सेल्स के लिए लड़के, लड़कियों एवं कम्प्यूटर आपरेटर ब्वॉयेज, गर्ल्स की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 9827114449 (38873)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के लिए लड़के की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गगन फ्लेक्स, 27 खोली चौक बिलासपुर 9425535104 (38866)

**आवश्यकता है-** घर में शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने वाले यादव या ब्राह्मण आदमी की आवश्यकता है एवं घर के घरेलू कार्य के लिए दो व्यक्ति की आवश्यकता है। सम्पर्क 7879858767 (38855)

**आवश्यकता है-** ऑफिस सामान्य कार्य हेतु युवती (8000/-) एवं हिन्दी टाइपिंग, कम्प्यूटर जानकार युवती/युवक (वेतन 10000 समय 9.30-8 तक) पता- JBS प्रॉपर्टी डेवलपर्स जेपी रेसीडेंन्सी पावर हाउस मेन रोड तोरवा 9300000194 (38859)

**आवश्यकता है-** घर और ऑफिस के काम हेतु सुपरवाइजर जिसको नल, बिजली, बढ़ई, एसी मिस्त्री, टाइल्स, पेन्ट के काम की जानकारी हो सोसाइटी, होटल, हॉस्पिटल में काम का अनुभव हो सम्पर्क करें- फ्लाई ऐश मूवर्स A3 बिल्डिंग प्रथम तल व्यापार विहार RBS-49 खम्बा के सामने बिलासपुर 07752 400298 (38861)

**आवश्यकता है-** एक रसोईया माली और ड्राइवर चाहिए और झाड़ू पोंछा आदि काम करने हेतु महिला या चौकीदार जो रहकर काम कर सके बिलासपुर में आवश्यकता है आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- 94061 57765 (38814)

**आवश्यकता है-** न्यू हाईकोर्ट के पीछे छतौना के प्लॉट में वर्कशॉप में ही रहकर परिवार वाला व्यक्ति चौकीदारी करने के लिए आवश्यकता है सम्पर्क करें-9669211111, 98271 75811 (38853)

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान में कार्य करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 4000 से 8000, फुल/पार्ट टाइम वाले भी सम्पर्क करें- प्रीमियर एजेन्सी मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (38852)

**आवश्यकता है-** फैंसी ड्रेस दुकान में 2 सेल्समैन, 1 टेलर कार्य हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता। पता- श्री फैंसी ड्रेसेस, DA/4 चंदेला विहार महाराणा प्रताप चौक के पास बिलासपुर 9826903666 (38860)

**आवश्यकता है-** सुपर बाजार में कार्य हेतु केवल Busy साफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। वेतन 12000 से 15000 सम्पर्क करें- यश सुपर बाजार रिंग रोड नं-2 गौरव पथ बिलासपुर 9329941444 (38848)

**आवश्यकता है-** वृद्ध दादी की देखभाल करने के लिए महिला अथवा युवती की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- वेयर हाउस रोड, बिलासपुर 8965050780 (38849)

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिला अनुसार लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है पद संख्या 1270 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वन सिपाही रिटायर फौजी सैलरी 25500+ 52500 पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना+ खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्सएप करे सचिन शर्मा 7054311719 (1183)

**आवश्यकता है-** सीएसडी कैंटीन रायपुर के लिए मैनेजर 22000/- असिस्टेंट मैनेजर 21000/- अकाउंट क्लर्क/ऑफिस क्लर्क- 16000/- दुर्ग एवं बिलासपुर के लिए मैनेजर 21000/- रायपुर, बिलासपुर एवं दुर्ग के लिए स्टोर होल्डर 18000/- बिलिंग क्लर्क/बिल चेकर/ एमटीएस 15000/- सफाईकर्मी 10700/- आवेदन ईमेल करें-hqcosaurc1985@gmail.com पर दिनांक 15.10.2025 तक करें। अधिक जानकारी के लिए https://www.hqcosaraipururc.in पर विजिट करें संपर्क 9685726593 (305)

**आवश्यकता है-** लोकल एवं बाहर प्लास्टिक पाईप डिलीवरी हेतु पिकप/ छोटा हाथी चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए रहने, खाने की सुविधा वेतन 12000+ भत्ता अनुभव अनुसार सम्पर्क करें- सिलपहरी इंडस्ट्रीयल एरिया बिलासपुर 93007 34341 (38851)

**आवश्यकता है-** इंदौर, भोपाल में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 30वर्ष 10वीं 12वीं ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 10000+ कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 98930 29618, 96859 13389 (418)

**आवश्यकता है-** काईनेटिक ग्रीन के नये शोरूम में मैनेजर-1, सेल्स एक्जीक्यूटिव-4, टेलीकॉलर/ रिसेप्सनिस्ट-1 (महिला) मैकेनिक-1, सर्विस सुपरवाइजर-1, हेल्पर-1, ड्राइवर-1, चाहिए। सैलरी+, इंसेंटिव। इंटरव्यू 09 एवं 10 अक्टूबर, दोपहर 4बजे, सम्पर्क करें- श्रीबजरंग ऑटोमोबाइल्स अग्रवाल खाद भंडार के बाजू में पॉवर हाउस रोड तोरवा बिलासपुर 93025 69282 (38847)

**आवश्यकता है-** उमा एजेंसी में दुकान में कार्य हेतु लड़के/लड़कियों की और ऑटो, छोटा हाथी व कार ड्राइवर की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार संपर्कः- विजय नगर देवरीखुर्द 9301517722 (310)

**आवश्यकता है-** सिक्योरिटी एजेंसी में काम करने हेतु इच्छुक व्यक्ति व स्टूडेंट (लड़के) संपर्क करें मिनिमम दसवीं पास, अनुभवी आदमी को वरीयता दी जाएगी आकर्षक वेतन तुरंत संपर्कः- 9981630084, 94255 34940 (307)

## बेचना

**बेचना है-** मंगला लोखंडी मुख्य मार्ग पर पूर्ण विकसित आवासीय प्लाट, बाउंड्रीवॉल, सीसी रोड, मन्दिर, नाली, बैंक फाइनेन्स सुविधा। मात्र 899/- प्रति वर्गफीट में दीपावली तक बुकिंग पर रजिस्ट्री फ्री सम्पर्क- 9713666001 (38858)

**बेचना है-** डुप्लेक्स मकान 3BHK ऊपर नीचे कंस्ट्रक्शन सन्त रविदास वार्ड ओम नगर, उषा टॉवर के पास जरहाभाठा बिलासपुर में बेचना है कृपया खरीददार ही सम्पर्क करें- 9131184972, 7869924821 (38864)

**बेचना है-** परसदा (सकरी) कोटा मोड़ दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से लगे सर्व सुविधायुक्त 2BHK मकान 25लाख एवं 3BHK मकान 27लाख में उपलब्ध हैं। बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 98842 61185, 9827404638 (38838)

**बेचना है-** सरकण्डा में ईश्वर पेट्रोल पम्प से 200मी. दूर खमतराई रोड पर 7900 वर्गफुट, फ्रंट 55, गहराई 145 फुट डायवर्टेड प्लाट एकमुश्त बेचना है खरीददार समय 11-1 तक सम्पर्क करें- 99935 53322 (38850)

**बेचना है-** मोपका (चिल्हाटी) LIC city (साईं विहार कॉलोनी) में TNC रेरा एप्रूव्ड, रेडी पोजीशन में 3BHK मकान 44 लाख में उपलब्ध है बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 9827404638, 90391 04638 (38839)

**बेचना है-** हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड49 बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफोर्डेबल फ्लैट टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (38649)

**बेचना है-** कमर्शियल जमीन बेचना है होलसेल कपड़ा मार्केट करबला रोड कश्यप कालोनी मेन रोड बिलासपुर में स्थित 16×50 बेचना है सम्पर्क 9827913007 (38877)

**बेचना है-** महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2 BHK मकान 22x45 ईस्ट फेसिंग 55 लाख में बेचना है (लोन सुविधा उपलब्ध) संपर्क 6265041277, 84619 97770 (308)

## किराया

**किराया-** सकरी मेन रोड बच्चन बाई स्कूल के सामने प्रथम तल पर 600 वर्गफीट दुकान एवं 2500 वर्गफीट मैदान किराया से देना है कोचिंग क्लीनिक ऑफिस, डिस्ट्रीब्यूटर, पार्किंग बाउंड्रीवॉल सम्पर्क- 9713666001 (38857)

## व्यापार

**व्यापार-** जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रति माह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित सम्पर्क करें-APS इंटरप्राइजेस रायपुर-9111760925, 99776 76447, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर-88278 48099 (302)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाये।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

# वनडे विश्व कप इतिहास में रिचा सहित इन भारतीय महिला बल्लेबाजों ने खेली सबसे तेज पारियां

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वनडे विश्व कप 2025 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम ने पहले मैच में श्रीलंका को और दूसरे मैच में पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम को हराते हुए अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की। पाकिस्तान के विरुद्ध रिचा घोष ने आक्रामक पारी खेली। इस बीच वनडे विश्व कप के इतिहास में सबसे तेज पारियां (कम से कम 30 रन) खेलने वाली भारतीय बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।



### झूलन गोस्वामी

**(स्ट्राइक रेट- 171.42 बनाम वेस्टइंडीज, 2013)**

अपनी गेंदबाजी के लिए मशहूर रही झूलन गोस्वामी भी इस सूची में मौजूद है। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी ने विश्व कप 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में 21 गेंदों में 171.42 की स्ट्राइक रेट के साथ 36 रन की पारी खेली थी। अपनी इस आक्रामक पारी में उन्होंने 6 चौके लगाए थे। दिलचस्प रूप से उस मैच में गोस्वामी तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी थी।



### हरमनप्रीत कौर

**(स्ट्राइक रेट- 163.63 बनाम वेस्टइंडीज, 2013)**

जिस मैच में गोस्वामी ने बल्लेबाजी में कमाल किया था, उसी मैच में हरमनप्रीत ने 22 गेंदों में 36 रन बनाए थे। उन्होंने 4 चौके और 2 छक्के भी लगाए थे। भारत ने ब्रेबोर्न स्टेडियम में हुए उस मैच में 284/6 का स्कोर बनाया था। भारतीय सलामी बल्लेबाज थिरुश कामिनी ने 100 रन की पारी खेली थी। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम सिर्फ 179 रन पर ही सिमट गई थी।

### वेदा कृष्णमूर्ति

**(स्ट्राइक रेट- 155.55 बनाम न्यूजीलैंड, 2017)**

विश्व कप 2017 में भारत ने न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम को 186 रन से करारी शिकस्त दी थी। डर्बी में खेले गए मैच में भारत ने 265/7 का स्कोर बनाया था। भारत से कप्तान मिताली राज ने 123 गेंदों में 109 रन बनाए थे। वहीं, वेदा कृष्णमूर्ति ने 155.55 की स्ट्राइक रेट से 45 गेंदों में 70 रन बनाए थे। जवाब में राजेश्वरी गायकवाड़ की घातक गेंदबाजी (5/15) के सामने कीवी टीम 79 रन पर ढेर हुई थी।



## भारत-वेस्टइंडीज दूसरा टेस्ट आज से, मैच सुबह 9:30 बजे से

# जीत से लबरेज टीम इंडिया वेस्ट इंडीज को क्लीन स्वीप करने लगाएगी जोर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पहले मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत मेजबान भारत आज 10 अक्टूबर से अरुण जेटली स्टेडियम में शुरू हो रहे दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को एक और करारी शिकस्त देने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा हालांकि इस मैच में उसकी निगाहें साई सुदर्शन के धैर्य और घरेलू परिस्थितियों में नीतीश कुमार रेड्डी की उपयोगिता पर टिकी होंगी।

भारत के पास प्रतिभाशाली क्रिकेटरों का शानदार समूह है, जिनमें से प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी शीर्ष टीम में जगह बनाने में सक्षम है। उसका मुकाबला वेस्टइंडीज की उस टीम से होगा जिसका अतीत गौरवशाली रहा है लेकिन जो वर्तमान में टेस्ट क्रिकेट में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है। वेस्ट इंडीज रोस्टन चेज के नेतृत्व में मेहमान टीम प्रदर्शन में सुधार चाहेगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टेस्ट भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा।



### अब तक 101 टेस्ट में आपस में भिड़ी हैं दोनों

भारत और वेस्टइंडीज के बीच अब तक 101 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम को 24 मुकाबलों में जीत मिली है। वेस्टइंडीज ने 30 मैच अपने नाम किए हैं। दोनों टीमों के बीच 47 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। भारतीय सरजमीं पर भारत और वेस्टइंडीज के बीच अब तक 48 टेस्ट मुकाबले खेले गए हैं। 14 मैच भारतीय टीम ने जीते हैं और 14 में उसे हार मिली है। 20 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।

### भारतीय एकादश

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, नितीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, और मोहम्मद सिराज।

### ऐसी है वेस्टइंडीज की टीम

वेस्टइंडीज को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी टैगनारिन चंद्रपॉल, और जॉन कैंपबेल के कंधो पर होगी। पहले टेस्ट में इस सलामी जोड़ी ने निराश किया था। प्रमुख तेज गेंदबाजों की गैरमौजूदगी में जेडेन सील्स भारतीय बल्लेबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश करना चाहेंगे। संभावित एकादशः टैगनारिन चंद्रपॉल, जॉन कैंपबेल, एलिक एथानाजे, ब्रैंडन किंग, शाई होप (विकेटकीपर), रोस्टन चेज (कप्तान), जस्टिन ग्रीव्स, जोमेल वारिकन, खारी पियरे, जोहान लेने, और जेडेन सील्स।

### इनके प्रदर्शन पर होंगी नजरें

गिल इस साल टेस्ट में कमाल कर रहे हैं। उन्होंने 7 टेस्ट की 13 पारियों में 64.38 की औसत के साथ सर्वाधिक 837 रन बनाए हैं। उन्होंने इस बीच 4 शतक भी लगाए हैं। भारतीय तेज गेंदबाज सिराज ने सीरीज के पहले टेस्ट में कुल 7 विकेट लिए थे। वह शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। वहीं वेस्ट इंडीज के बॉलर सील्स ने इस साल अब तक 24.23 की औसत से 17 टेस्ट विकेट लिए हैं।

## जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप आज से



**भुवनेश्वर।** यहां शुक्रवार से शुरू हो रही पांच दिवसीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में विजयी रहने वाले खिलाड़ियों को अगले महीने रांची में दक्षिण एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप में खेलने का मौका मिल सकता है। दक्षिण एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में 24 से 26 नवंबर तक होगी। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के प्रवक्ता आदिले सुमरिवाला ने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतिभाशाली जूनियर खिलाड़ियों के लिये अच्छा मौका होगी। सीनियर खिलाड़ियों के साथ एएफआई चयन समिति राष्ट्रीय टीम में युवाओं को भी मौका देगी।'' एएफआई के पूर्व अध्यक्ष सुमरिवाला ने कहा कि यहां पांच दिवसीय टूर्नामेंट में 2000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे जिनमे 950 महिला खिलाड़ी हैं।

## डि क्लर्क के तूफान में उड़ा भारत दक्षिण अफ्रीका तीन विकेट से जीता

एजेंसी ▸▸| विशाखापत्तनम



नेदिन डि क्लर्क के तूफानी अर्धशतक और क्लो ट्रायोन के ऑलराउंड प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप में बृहस्पतिवार को भारत को यहां तीन विकेट से हरा दिया। भारत के 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए डि कलर्क ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 54 गेंद में आठ चौकों और पांच छक्कों से नाबाद 84 रन बनाने के अलावा ट्रायोन (49) के साथ सातवें विकेट के लिए 69 रन जोड़कर दक्षिण अफ्रीका को 48.5 ओवर में सात विकेट पर 252 रन के स्कोर तक पहुंचाकर जीत दिलाई। कप्तान और सलामी बल्लेबाज लॉरा वोलवार्ट ने भी 70 रन की उम्दा पारी खेली।

### ऋचा-राणा का चला बल्ला, स्पिनरों ने ढाया कहर

इससे पहले बाएं हाथ की स्पिनरों ट्रायोन (32 रन पर तीन विकेट) और नोनकुलुलेको मलाबा (46 रन पर दो विकेट) ने बीच के ओवरों में भारतीय बल्लेबाजों पर शिकंजा कसते हुए स्कोर छह विकेट पर 102 रन कर दिया। उसके बाद आईं ऋचा घोष 94 रन और स्नेह राणा 33 रन ने आठवें विकेट के लिए 53 गेंद में 88 रन की ताबड़तोड़ साझेदारी की जिससे मेजबान टीम 251 रन तक पहुंचने में सफल रही। ऋचा ने अमजोत कौर (13) के साथ भी सातवें विकेट के लिए 51 रन जोड़े। मारिजेन कैप दो विकेट और नेदिन डि क्लर्क दो विकेट चटकाए जिससे भारतीय टीम 49.5 ओवर में सिमट गई। भारत ने अंतिम नौ ओवर में 97 रन जुटाए।

### दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत रही खराब

लक्ष्य का पीछा करने उतरे दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। टीम ने छठे ओवर में 18 रन तक ही ताजमिन ब्रिट्स (00) और सुने लुस (05) के विकेट गंवा दिए। ब्रिट्स का क्रांति गौड़ (59 रन पर दो विकेट) ने अपनी ही गेंद पर शानदार कैच लपका जबकि लुस को अमनजोत ने विकेटकीपर ऋचा के हाथों कैच कराया। वोलवार्ट और मारिजेन कैप (20) ने इसके बाद पारी को संभाला।

# सलाह ने मिस्र को विश्व कप का टिकट दिलाया

## मिस्र की जिबूती पर 3-0 की जीत में किए दो गोल

एजेंसी ▸▸| कासाब्लांका

स्टार फुटबॉलर मोहम्मद सलाह के शानदार प्रदर्शन की मदद से मिस्र ने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए टिकट हासिल कर लिया। लिवरपूल के सुपरस्टार सलाह ने बुधवार को मिस्र की जिबूती पर 3-0 की जीत में दो गोल किए।

इससे यह सुनिश्चित हो गया कि मिस्र एक राउंड शेष रहते अफ्रीकी क्वालीफाइंग के अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहेगा। मिस्र अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली तीसरी अफ्रीकी टीम है। उससे पहले मोरक्को और ट्यूनीशिया ने विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली थी।



### इब्राहिम अदेल ने भी ठोका एक गोल

सलाह के अलावा इब्राहिम अदेल ने भी मिस्र के लिए गोल किया। अफ्रीका से कुल नौ टीम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। मिस्र ने इससे पहले 2018 में विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन तब उसे अपने तीनों ग्रुप मैच में मेजबान रूस, उरुग्वे और सऊदी अरब से हार का सामना करना पड़ा था।

### बुर्किना फासो दूसरे स्थान पर

बुर्किना फासो सिएरा लियोन पर 1-0 की जीत के बाद ग्रुप ए में मिस्र के बाद दूसरे स्थान पर है, जबकि इथियोपिया ने गिनी बिसाऊ को 1-0 से हराया। इस बीच केप वर्डे ने 3-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए लीबिया के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ खेला जिससे वह पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया।




# रोहित-विराट वनडे विश्व कप की योजनाओं में शामिल : गिल

**नई दिल्ली।** भारत की वनडे टीम के नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल ने गुरुवार को कहा कि सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली टीम की 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप की योजना का हिस्सा बने रहेंगे क्योंकि उनके कौशल और अपार अनुभव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि वह इस महीने के अंत में आस्ट्रेलिया दौरे से इस प्रारूप की कमान संभालने पर अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की तरह ड्रेसिंग रूम में शांत माहौल बनाए रखने और



खिलाड़ियों के साथ दोस्ताना व्यवहार करने की कोशिश करेंगे। पहले ही भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाल रहे 26 वर्षीय गिल 19 से 25 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के साथ अपनी एकदिवसीय कप्तानी की शुरुआत करेंगे।









INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife Stand a chance to win 100% Cashback | 24 Carat Gold Coin and many more assured benefits*

Additional offers on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Basis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. ^Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. *Limited period offer,T&C apply. +As per cumulative sales numbers till August 2025. #Ex-showroom price of HF Deluxe Pro in Raipur.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो 9289922706, अंबिकापुर: आनंद हीरो 9289922359, सरगुजा हीरो 9289923110, कोरबा: शांति हीरो 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो 9289923057, रायगढ़: गोयल हीरो 9289922373, आदित्य हीरो 9289923091, जांजगीर: आनंद हीरो 9289922772, बैकुंठपुर: आर.के. हीरो 9289922812, जशपुर: आकाश हीरो 9289922909, एसोशिएट डीलर: खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415, चौरा: ओम ऑटो एजेंसी: 7000316070, सरिया: अग्रवाल ऑटो सेण्टर 9993121909, गौरेला: श्री माँ नर्मदा मोटर्स 7587796622 / 7587796611, सनावल: सोनी ऑटोमोबाइल्स 9479235816, रतनपुर: माँ महामाया मोटर्स 9754240437 / 8839972027, बलोदा: श्री कमला ऑटो 9926515216, मरवाही: राहुल ऑटोमोबाइल्स 8889467369 / 8719087320, मुगेली: महावीर मोटर्स 9993855199, मनेन्द्रगढ़: विवेक ट्रेडर्स 6261178785, कटघोरा: श्री शारदा एंटरप्राइज 9809809925, शिवरीनारायण: सुल्तानिया ऑटा केयर 9407600319, सक्ती: गोयल ऑटो 9303571001, 7000490324, खरसिया: विजय ऑटो एजेंसी 9993093829, सीतापुर: श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांव: ज्योति ऑटो 9406399000, सारंगढ़: गोपाल ऑटो सेंटर 9827893203, सूरजपुर: आशा ऑटोमोबाईल्स 9826440096, अकलतरा: श्री ऑटो 9424174274, कोटा: उर्मिला मोटर्स 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स: 6268000180 / 8718888789, रामानुजगंज: प्रीति ऑटोमोबाईल 8827674000, बाराद्वार: दुर्गा ऑटो एजेंसी 8319982160, उदयपुर: बंसत ऑटोमोबाईल्स 9406022927, तपकरा: प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुर: तायल ऑटोमोबाईल्स 9617218005, पटना: आयुश ऑटोमोबाईल्स 8839141926, पाली: आनंद ऑटोमोबाईल 7089519999, राजपुर: महामाया एजेंसी, 9516209272 / 9340726288, मदनपुर: ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपत: मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, महापाली: साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, लखनपुर: पीएन ऑटोमोबाइल्स, 8839193005, बटौली: इच्छा ऑटोमोबाइल्स, 8770232677, कुसमी: बोल्बम ऑटो, 8120191597, विश्रामपुर: खुशी ऑटोमोबाइल, 9826775718, झरगांव: ऐबानी मोटर्स, 7849000000, रामानुजनगर: जयसवाल ऑटो, 9926015773, बलंगी: नमो ऑटोमोबाइल्स, 9977876863, भैयाथान: आनंद ऑटोमोबाइल्स, 9977221111, प्रेमनगर: मानस ऑटोमोबाइल्स, 9131301594, लोरमी: महेश मोटर्स, 7974700929, खैरागढ़: पुष्पक बिक्री, 9425554343, भानपुरी: अपराशा ऑटोमोबाइल्स, 9981009491, ऐडिशनल वर्कशॉप: अम्बिकापुर: आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवींगंज 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेयर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: ओरियन ऑटोव्हील्स 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्: उरगा: बालाजी सर्विस स्टेशन 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: बिलासपुर (सकरी) सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पा: आनंद हीरो 7909901444, कोरबा: शांति हीरो, 7440299000 Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415.

VML.5840.2025HIN

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com